सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80109.85 |
| निफ्टी | 24221.90 |
| सोना 78,550 | चांदी 91,905 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




संगठन में युवाओं को लाएंगे आगे, महिलाओं को भी देंगे प्रतिनिधित्व : प्रतिभा

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 26 नवंबर 2024 | 11 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 340, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### कंगना ने हाईकोर्ट में दाखिल किया जवाब



**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में सोमवार को मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत के चुनाव को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कंगना ने एडवोकेट के माध्यम से कोर्ट में नोटिस का जवाब दिया। वहीं, याचिकाकर्ता लायक राम नेगी के वकील की ओर से रिजॉइंडर दायर करने के लिए वक्त मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई अब चार हफ्ते बाद होगी। नेगी ने लोकसभा चुनाव में अपने नामांकन पत्र को गलत तरीके से अस्वीकृत करने का आरोप लगाते हुए मंडी सीट के लिए हुए चुनाव को रद्द करने की मांग की है।

### आईएएस मानसी सहाय की दिल्ली में तैनाती



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की 2009 बैच की आईएएस और श्रम आयुक्त एवं निदेशक रोजगार मानसी सहाय को सोमवार को राज्य सरकार ने रिलीव कर दिया। मानसी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा रही हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने मानसी को रिलीव करने के आदेश जारी किए। केंद्र सरकार ने उन्हें आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय दिल्ली में निदेशक के पद पर तैनात किया है। मानसी के बाद रोहन चंद ठाकुर भी कुछ दिन बाद दिल्ली जा सकते हैं।

### सांसद राशिद ने संसद सत्र के लिए मांगी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** संसद सत्र में भाग लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर राशिद ने आतंकी वित्त पोषण मामले में अंतरिम जमानत के लिए सोमवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। राशिद ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार यादव से अंतरिम जमानत दिए जाने का आग्रह किया। अदालत ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को 27 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा।


अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- लोगों को मिला निहारी-गरावग संपर्क मार्ग पर बैली ब्रिज -पेज 2
- 'बकरा' कांड में तहसीलदार ने एसडीएम को सौंपी रिपोर्ट -पेज 3
- ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया ने मारे थे 9 आतंकी -पेज 9
- दिल्ली में फिर शुरू हुई बुजुर्गों की पेंशन; 80 हजार को तोहफा -पेज 13
- आईपीएल मेगा नीलामी में अच्छे दाम पर बिके भुवनेश्वर -पेज 14


### प्रदेश हाईकोर्ट ने हिमाचल पर्यटन विकास निगम को दी बड़ी राहत

# पहले की तरह चलते रहेंगे पर्यटन निगम के सभी होटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** हाईकोर्ट की डबल बेंच ने हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) की रिव्यू पटिशन पर बड़ी राहत दी है। खंडपीठ ने सिंगल बैंच के निगम के घाटे में चल रहे नौ और होटलों को बंद करने के आदेशों पर रोक लगा दी है। अब निगम के सभी होटल पहले की तरह चलते रहेंगे। इस मामले में अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी। ये नौ होटल अब 31 मार्च तक खुले रहेंगे। हाईकोर्ट ने 30 जून 2025 तक निगम के सभी पेंशनरों की देनदारियां चुकाने के भी आदेश दिए।





हाईकोर्ट ने 19 नवंबर को 40 फीसदी से नीचे ऑक्यूपेंसी वाले 18 होटलों को 25 नवंबर को बंद करने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट 9 होटलों को पहले ही 31 मार्च तक संचालन की सशर्त छूट दे चुका है। अब बाकी बचे नौ होटलों को भी खोलने की मंजूरी दी है। पर्यटन निगम की ओर से पूर्व महाधिवक्ता श्रवण डोगरा ने मामले की पैरवी की। बता दें, पर्यटन निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों की बकाया देनदारियों का भुगतान नहीं होने पर न्यायालय ने होटलों को बंद करने के आदेश दिए थे।

### इन होटलों को खुला रखने के दिए आदेश

**गीतांजलि** डलहौजी, बाघल दाड़लाघाट, कुणाल धर्मशाला, कश्मीर हाउस धर्मशाला, एप्पल ब्लॉसम फागू, गिरिगंगा खड़ापत्थर, सरवरी कुल्लू, हिडिंबा कॉटेज मनाली और शिवालिक परवाणू होटल भी अब खुले रहेंगे। गौर रहे कि 70 करोड़ से ज्यादा के घाटे में चल रहा पर्यटन निगम अपने पेंशनरों को वित्तीय लाभ नहीं दे पा रहा। कोर्ट ने कहा निगम अपनी संपत्तियों का उपयोग लाभ कमाने के लिए नहीं कर पाया है।

## सुक्खू सरकार ने कुर्की से बचाया दिल्ली का हिमाचल भवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सुक्खू** सरकार ने हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में 64 करोड़ रुपए के दो बैंकर्स चेक जमा करवाकर दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्की से बचा लिया। एक चेक एक 43 करोड़ रुपए का है, जबकि दूसरा 20 करोड़ रुपए से अधिक का है। ये दोनों बैंकर्स चेक सरकार की ओर से दायर एलपीए में जमा कराए गए हैं। नवंबर, 2022 में प्रदेश हाईकोर्ट की जस्टिस संदीप शर्मा की एकल पीठ ने सेली हाइड्रो पावर कंपनी की ओर से दायर याचिका की सुनवाई पर फैसला सुरक्षित रखा था। यह पूरा मामला पूर्व जयराम सरकार में हाईकोर्ट में लड़ा गया। जस्टिस संदीप शर्मा की एकल पीठ ने 13 जनवरी, 2023 में सुक्खू सरकार के शासन में फैसला सुनाया, तो सरकार को 64 करोड़ अपफ्रंट मनी लौटाने के आदेश दे दिए थे। साथ ही सात फीसदी ब्याज जमा कराने के भी आदेश दे दिए।

> 64 करोड़ रुपए के जमा करवाए दो चेक

# अडानी और संभल हिंसा की भेंट चढ़ा संसद सत्र का पहला दिन

### विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दो दिन के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**संसद** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। दोनों ही सदनों में अमेरिका में अडानी के खिलाफ लगे आरोपों और यूपी के संभल में हुई हिंसा को लेकर चर्चा की मांग की गई। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बाद दोनों सदनों को बुधवार के लिए स्थगित कर दिया गया।

शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार हुई। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अडानी और संभल हिंसा के मुद्दे को उठाने का प्रयास करते हुए हंगामा किया, जिसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों ही सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल नहीं हो पाए। वहीं, लोकसभा में सदन की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्तमान लोकसभा के सदस्य रहे वसंत राव चव्हाण और नूरुल इस्लाम और पूर्व सदस्यों एम एम लॉरेंस, एम पार्वती एवं हरीश चंद्र देवराव चव्हाण के निधन के बारे में सदन को सूचित किया। सभा ने कुछ क्षण मौन रखकर दिवंगत सांसदों और पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

> दोनों सदनों में शून्यकाल व प्रश्नकाल नहीं हो पाए

### मुट्ठी भर लोग हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने का कर रहे प्रयास: मोदी

**सत्र** की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से किए गए संवाद में सभी राजनीतिक दलों से सत्र के दौरान स्वस्थ चर्चा में भाग लेने का आह्वान किया और इसके परिणामोन्मुखी होने की उम्मीद भी जताई। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुट्ठी भर लोग हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो सफल नहीं होता, लेकिन देश की जनता उनके सारे व्यवहार को बारीकी से देखती है और जब समय आता है तो उन्हें सजा भी देती है। मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जिनको जनता ने लगातार नकारा है, वे अपने साथियों की बात को भी नकार देते हैं और उनकी एवं लोकतंत्र की भावनाओं का अनादर करते हैं।


### कांग्रेस, 'आप' ने पेश किया स्थगन प्रस्ताव

**कांग्रेस** सांसद केसी वेणुगोपाल, मणिकम टैगोर बी और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने अडानी समूह पर आरोप लगाने और कथित रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने की मांग पर चर्चा करने के लिए कार्यस्थगन नोटिस दिया।

## ईवीएम को किया जा सकता है हैक, मतपत्रों से हो चुनाव: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ईवीएम की कार्यप्रणाली पर संदेह को दूर करने के लिए मतपत्रों का इस्तेमाल कर चुनाव कराए जाने चाहिए, क्योंकि तकनीक को हैक किया जा सकता है।



सुक्खू ने पत्रकारों से कहा कि ईवीएम निर्माताओं ने उत्पादन बंद कर दिया है और अगर उनके कामकाज पर संदेह है तो आम जनता की मांग पर मतपत्रों का इस्तेमाल कर चुनाव कराए जाने चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने 288 में से 230 सीट पर जीत हासिल की थी, जिसके कुछ दिनों मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी की। सुक्खू ने कहा कि किसी भी तकनीक को हैक किया जा सकता है और यहां तक कि एलन मस्क (सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' के मालिक) ने भी यह बात कही है।

> कहा- सरकार के कड़े फैसलों का लोगों पर असर नहीं

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से लिए जा रहे कड़े फैसलों का राज्य की 70 फीसदी आबादी पर कोई असर नहीं है।

### जीत से आगाज





पर्थ। कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी से भारत ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 295 रन से हराकर इस देश में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस जीत के साथ भारत एक बार फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया। (संबंधित समाचार खेल पेज पर)

## संभल हिंसा: सपा सांसद बर्क और विधायक के बेटे पर केस

**एजेंसी, संभल**

**उत्तर** प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क और संभल सदर सीट से सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में अब तक कुल सात मुकदमे दर्ज करके 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि अब तक सात मुकदमे दर्ज किए हैं, जिनमें छह नामजद और 2750 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। अब तक कुल 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीसीटीवी और अन्य वीडियो फुटेज से दंगाइयों की पहचान की जा रही है। वहीं, पुलिस टीम ने कई जगह छापेमारी कर अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने 2 महिलाओं समेत 21 लोग गिरफ्तार किए हैं। वहीं, हिंसा के बाद 30 थानों की पुलिस तैनात की गई है।

### 30 नवंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

**जामा** मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में घायल एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। जिला प्रशासन ने आगामी 30 नवंबर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है।

## अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास 6 हजार किलो ड्रग्स जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंडियन** कोस्ट गार्ड ने अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास 6 हजार किलोग्राम की ड्रग्स जब्त की है। कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास मछली पकड़ने वाली नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे, जिन्हें हिरासत में ले लिया है।

24 नवंबर को कोस्टगार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी। ड्रग्स स्मगलिंग का शक होने पर पायलट ने बोट के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बोट की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगे। पायलट ने पोर्ट ब्लेयर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस और कोस्टगार्ड ने बोट को पकड़ लिया। जब बोट से तलाशी ली गई तो उसमें करोड़ों रुपए की ड्रग्स मिली। इसकी भारत में तस्करी होनी थी। यह अब तक की सबसे बड़ी खेप थी, जो कोस्टगार्ड ने पकड़ी हो।





> म्यांमार के 6 नागरिकों को हिरासत में लिया

### लद्दाख में सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू

**लेह।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के हनले गांव में सेना की ओर से स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर सामुदायिक रेडियो स्टेशन की तस्वीर साझा कर कहा कि सेना जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो स्टेशन संचालित करती है। इन स्टेशनों का प्रबंधन स्थानीय आरजे करता है, जो निवासियों को उनके स्थानीय हितों के आधार पर मनोरंजन और क्षेत्रीय सामग्री प्रदान करते हैं। सबसे दूर और सबसे ठंडे क्षेत्र में, स्थानीय लोग ध्रुव कमान की ओर से स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशन को सुनेंगे।

### डूसू चुनाव: अध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई का कब्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव (डूसू चुनाव) के नतीजे सोमवार को जारी हो गए। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के रौनक खत्री और उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी के भानू प्रताप ने जीत हासिल की। सचिव पद पर एबीवीपी के मृत्रवृंदा व संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई के लोकेश ने कब्जा किया। खत्री को 20,207 व ऋषभ चौधरी को 18,864 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह को 24,166 वोट, एनएसयूआई के यश नांदल को 15,404 वोट मिले। सचिव पद पर मित्रवृंदा करनवाल ने 16,703 वोट हासिल कर एनएसयूआई की नम्रता जेफ मीना को हराया।









### सुनवाई: स्कूलों और कॉलेजों में नियमित कक्षाएं शुरू करने पर विचार करे वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग

# दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगा ग्रेप-4: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण कम होने तक दिल्ली में ग्रैप-4 लागू रहेगा। साथ ही एयर क्वालिटी कमिशन से पूछा कि 2 दिन में बताएं दिल्ली में जल्द स्कूल कैसे खुलेंगे।



जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि सिर्फ तकनीक के इस्तेमाल को बेहतर बनाने से न्याय की गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा। हमें समस्या का परमानेंट हल निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से विद्यालयों व कॉलेजों में नियमित कक्षाओं को फिर से शुरू करने पर विचार करने को कहा।

> हमें समस्या का स्थायी हल निकालना होगा

कोर्ट ने कहा कि कई विद्यार्थियों के पास ऑनलाइन कक्षाएं लेने के दौरान मध्याह्न भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं की कमी है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पास घर पर 'एयर प्यूरीफायर' नहीं हैं और इसलिए घर पर रहने वाले व स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच अंतर नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने हालांकि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण रोधी चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य बल (जीआरएपी) के चौथे चरण के प्रतिबंधों में ढील देने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि एक्यूआई के स्तर में लगातार कमी आ रही है, तब तक वह जीआरएपी के तीसरे या दूसरे को लागू करने का आदेश नहीं दे सकता। पीठ ने जीआरएपी के चौथे चरण से प्रभावित समाज के कई वर्ग, विशेष रूप से मजदूर और दिहाड़ी मजदूर पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि जहां-जहां निर्माण पर प्रतिबंध है वहां-वहां श्रम उपकर के रूप में एकत्र धन का उपयोग मजदूरों के निर्वाह के लिए करें।

### कोर्ट ने क्या कहा

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह लापरवाही सिर्फ 23 प्वॉइंट्स पर ही क्यों की गई?
- हम आयोग को धारा 14 सीएक्यूएम अधिनियम के तहत दिल्ली के कमिश्नर पर मुकदमा चलाने का निर्देश देंगे।
- यह कहना कि अनुमति नहीं है और वहां कोई बैठकर निगरानी कर रहा है, दोनों में फर्क है।
- आपका काम वहां लोगों को तैनात करना और यह देखना था कि एक भी ट्रक प्रवेश न करे।
- 23 एंट्री प्वॉइंट्स पर जैसे ही पुलिस कहती है, वे स्वाभाविक रूप से कोई दूसरा रास्ता अपना लेते हैं।




# संगठन में युवाओं को लाएंगे आगे, महिलाओं को भी देंगे प्रतिनिधित्व : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को लेकर मनाए जा रहे जश्न पर अनभिज्ञता जताई। उनका कहना है कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही इसको लेकर उनकी मुख्यमंत्री या किसी अन्य के साथ कोई बात हुई है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का नया संगठन बनाने के लिए शिमला पार्टी कार्यालय में मंथन का दौर शुरू हो गया है।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) सचिव एवं प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान सोमवार और मंगलवार तक शिमला में कांग्रेस नेताओं के साथ मीटिंग करेंगे और फीडबैक लेने के बाद हाईकमान को रिपोर्ट देंगे जिसके बाद हाई कमान अंतिम निर्णय लेगा और नई कार्यकारिणी का गठन करेगा। प्रतिभा सिंह ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। क्या अभी संगठन में जो युवा चेहरे हैं उनको भी मौका मिलेगा? इस पर उन्होंने कहा कि एक पीढ़ी जाती है तो नई पीढ़ी आती है। अब नए लोगों को हमें आगे लाना है। हम संगठन में भी युवाओं को आगे लाएंगे। जो पार्टी के लिए काम करना चाहते हैं उनको पद भी दिया जाएगा। उनको कार्यभार भी देंगे जिसका वह रिजल्ट शो करें। युवाओं को आगे लाना भी हमारा कर्तव्य है। महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व देना हमारा कर्तव्य बनता है, इसके लिए भी हम काम करेंगे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश में जब जब लोकसभा व विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। कांग्रेस नेता एवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे है।

मगर हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की राय इसे लेकर अलग है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि एवीएम को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीटिंग में भी बात उठी थी। सीनियर ने भी कहा था कि उन्हें शंका है कि ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को बदलने का छोटा मामला नहीं है।

इसके लिए ठोस प्रमाण होने चाहिए। प्रतिभा ने कहा, ठोस प्रमाण होंगे तो इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया इसे लेकर फैसला लेगा। हम चाहे तो हमारे चाहने से नहीं होगा। हिमाचल सरकार के दो साल के जश्न के विरोध में भाजपा की प्रतिक्रिया पर प्रतिभा सिंह ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का काम विरोध करना है।

## झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस : बिंदल

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस की वर्तमान प्रदेश सरकार दो साल का कार्यकाल पूरा कर रही है और मीडिया के अनुसार कांग्रेस पार्टी और सरकार दो साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है। अब सवाल खड़ा होता है कि जश्न किस बात का? प्रदेश की जनता गारंटियों का मातम मना रही है। जिन झूठी गारंटियो के दम पर सत्ता में आए वो सारी गारंटिया फेल हो गई। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की 28 लाख बहनों को पहली कैबिनेट से 1500 रुपए महीना देना था, कुछ नहीं मिला और अब तो 100 कैबिनेट हो गई और उम्मीद भी खत्म हो गई।



# 1.084 किलोग्राम चरस के साथ चंबा के 2 युवक काबू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला की योल चौकी के तहत दो युवकों को चरस की खेप के साथ गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी योल के प्रभारी यादेश ठाकुर की अगुवाई में पुलिस टीम तपोवन में गश्त पर थी।


इस दौरान रूटीन चेकिंग के दौरान जब एक आईटेन कार को रात करीब 10.30 बजे जब चेकिंग के लिए रोक गया, तो उसमें सवार दोनों युवक घबरा गए।

शक होने पर जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो इसमें 1.084 किलो ग्राम चरस बरामद की गई। चरस की खेप को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

दोनों युवक चंबा जिला के रहने वाले हैं। इनकी पहचान 23 वर्षीय अंशुमन निवासी राजपुरा तथा 36 वर्षीय हर्षदीप निवासी चकलू के रूप में की गई है।

उधर मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। दोनों युवकों को अदालत में पेश करके चार दिन का रिमांड हासिल किया है।

## इल्मा अफरोज के मामले में सरकार चुप क्यों : शांता



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक पत्र लिखकर कहा कि वे उन्हें यह पत्र एक कांग्रेस नेता के रूप में नहीं अपितु हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लिख रहे है। उन्होंने याद दिलवाया कि मुख्यमंत्री बनते समय उन्होंने कर्तव्यनिष्य और सर्विधान की सौगन्ध खाई हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के संबंध में मुख्यमंत्री और सरकार चुप है। सोशल मीडिया तथा अन्य सूत्रों से यहीं तथ्य सामने आ रहा है कि पुलिस अधीक्षक एक योग्य और ईमानदार अधिकारी है। उन्होंने किसी नेता के परिवार के गैर कानूनी काम पर सख्त कार्यवाही की है इसीलिए उसे सरकार द्वारा छुट्टी पर भेजा गया। सरकार की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण न देने के कारण इन सब बातों पर विश्वास करना स्वाभाविक हो गया है। शांता कुमार ने कहा कि एक साधारण परिवार की योग्य और परिश्रमी इस बेटी ने अपनी योग्यता के कारण विदेशी में ऑक्सफोर्ड जैसे संस्थान में शिक्षा प्राप्त की। भारत में आईपीएस की परीक्षा पास करके बद्दी की पुलिस अधीक्षक के रूप में ईमानदारी से अपने कत्वर्य का पालन किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई जगह रेत बजरी और अनन माफिया बहुत प्रभावशाली हो रहा है। इस मामले में भी ऐसे समाचार आ रहे है कि किसी माफिया के दबाव में यह सब कुछ हो रहा है।

## 85.3 ग्राम चरस के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज की पुलिस टीम ने गस्त व नाकाबंदी के दौरान बडैहर के पास एक स्कूटी चालक से 85.3 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाके के दौरान भौर की तरफ से एक स्कूटी सवार आया, जिसे रोककर कागजात मांगे तथा किसी संदिग्ध वस्तु का शक होने पर स्कूटी चेक करने पर दो व्यक्तियों से 85.3 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस संदर्भ में भोरंज थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा उपरोक्त व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## 14 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में एक शर्मसार मामला सामने आया है। शिमला जिला के कुमारसेन क्षेत्र में एक शादीशुदा शख्स ने 14 साल की नाबालिग युवती को अपनी हवस का शिकार बना दिया। शादीशुदा 34 वर्षीय शख्स नाबालिग युवती का परिचित था और बीते 23 नवंबर को उसे बहला-फुसला कर गाड़ी में बैठाकर अपने घर ले गया। घर पहुंचते ही आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और किसी से कुछ न कहने की बात कही। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रदेश में 30 से बारिश-बर्फबारी के आसार



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले भागों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम फिर बिगड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के पांच जिलों लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में 30 नवंबर को हल्की बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। अगले 7 दिनों के दौरान राज्य के बाकी हिस्सों में मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहेगा। उधर, बीते दिनों हुई बर्फबारी से जनजातीय क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के चार स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है। अगले 2 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद के तीन दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं राज्य के भाखड़ा बांध के जलाशय क्षेत्रों, बल्ह घाटी (मंडी) के कुछ हिस्सों में सुबह और सुबह के समय आगामी चार दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार सुबह भी मंडी व बिलासपुर में हल्का कोहरा दर्ज किया गया। राज्य में नवंबर में सामान्य से 99 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन व ऊना जिले में सामान्य से 100 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। जबकि लाहौल-स्पीति जिले में सामान्य से 96 फीसदी कम बारिश हुई है। इस अवधि के लिए प्रदेश में 15 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 0.2 मिमी बारिश ही हुई।

# 'बकरा' कांड में तहसीलदार ने एसडीएम को सौंपी रिपोर्ट

**एसके ठाकुर, बड़सर**

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में मात्र 60 हजार में नीलाम हुए तीन दर्जन बकरों की जांच रिपोर्ट सोमवार को तहसील ने एसडीएम बड़सर को सौंप दी है। सोमवार को जांच के लिए दिए गए समय की अवधि पूरी हो गई है। निर्धारित समयावधि में तहसीलदार ने एसडीएम को रिपोर्ट सौंपी है, मामले में अब एसडीएम बड़सर की तरफ से आगामी कार्रवाई की जाएगी।

रिपोर्ट में सामने आए तथ्य की जानकारी भी उपमंडलाधिकारी की तरफ से प्रदान की जाएगी। रिपोर्ट में यदि अनियमितताएं पाई गई तो विभागीय कार्रवाई का सामना नीलामी में शामिल अधिकारियों को करना पड़ सकता है।

सूत्रों की माने तो नीलामी में नियमों को दरकिनार किया गया है। सस्ते दामों पर बकरों की नीलामी का मुद्दा उजागर होने के बाद मामले की जांच शुरू की गई है।

मामले में एक कनिष्ठ सहायक को निलंबित किया जा चुका है। तहसीलदार कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय को सौंप दी गई है। मामले में अब एसडीएम की तरफ से आगामी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं एसडीएम बड़सर से इस बारे में बात करनी चाही तो उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया। (अनंत ज्ञान)

# ईवीएम नहीं जनविरोधी सोच कांग्रेस की हार का कारण : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की हार का मुख्य कारण कांग्रेस की जन विरोधी और विकास विरोधी सोच है। जो देश को आगे बढ़ाने की बजाय लड़ाने और बांटने की राजनीति करती है। कई बार देश के मतदाताओं द्वारा कांग्रेस को नकार दिए जाने के बाद भी कांग्रेस के नेता और कांग्रेस नीत सरकारों में बैठे लोग भी जनमत को स्वीकार करने की बजाय अनर्गल बयानबाजी करते हैं।

पूरे देश ने हिमाचल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के द्वारा दी गई गारंटियों के प्रपंच को देखा था, उसके बाद जब हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी तो भी पूरे देश ने कांग्रेस की हकीकत देखी। देश की राजनीति में अब परफॉर्मेंस के लिए स्थान है प्रोपेगंडा लिए नहीं। कांग्रेस को यह चुनाव प्रदेश की जनता ने हरवाया है ईवीएम ने नहीं। जनता ने कांग्रेस को यह चुनाव इसलिए हरवाया है क्योंकि उन्होंने 70 साल में कांग्रेस का भ्रष्टाचार और कुशासन देखा है। झूठी गारंटियों के नाम पर वोट लेते नेता देखे हैं और सरकार बनने के बाद गारंटियों के विपरीत काम करती सरकार देखी है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि तकनीकी के इस युग में अब ऐसा नहीं हो सकता कि हिमाचल में सरकार लाखों नौकरियां समाप्त कर दे और महाराष्ट्र में जाकर कहे कि हमने 2 लाख रोजगार दे दिए तो सुनने वाले लोग उस बात पर भरोसा कर ले।

झूठी गारंटियों के दम पर हिमाचल में सत्ता हथियाने के बाद भी कुछ न करना और पूरे देश में घूम-घूम कर हिमाचल में गारंटियों को पूरा करने का झूठा प्रचार करना भारत जैसे सशक्त लोकतंत्र के नागरिक को स्वीकार नहीं है। पहले सत्ता हासिल करने के लिए झूठी गारंटियां देना और फिर उन गारंटियों का झूठा प्रचार करना और अपनी सरकार की उपलब्धियां का झूठा जश्न मनाना कांग्रेस के नेताओं को रास आ सकता है आम जनता को नहीं। हाल ही में आए विधानसभा चुनाव के नतीजे मुख्यमंत्री के लिए एक संकेत है जिसे समझ कर जनहित में काम करने की बजाय वे ईवीएम, जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

इससे हिमाचल प्रदेश का भला होने वाला नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के नाम पर सत्ता में आई हिमाचल की सरकार ने जनहित के कितने काम किए हैं? हिमाचल की चर्चा पूरे देश में किस वजह से हुई है? क्या उनके सत्ता में आने के बाद प्रदेश की छवि को उन्होंने नुकसान नहीं पहुंचा है? क्या कांग्रेस ने अपने सभी वादों को पूरा कर दिया है?

# भावनात्मक एवं वैचारिक रूप से भी मजबूत बनें छात्र : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि छात्र जीवन शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफलता की ओर बढ़ने के साथ-साथ अपने विचारों और भावनाओं को मजबूत करने का समय होता है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शमरोड़ के राजकीय उच्च विद्यालय धारों की धार में आयोजित वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।




डॉ. शांडिल ने कहा कि केवल शिक्षा प्राप्त करने से ही व्यक्ति सफल नहीं बनता। समाज की बेहतरी के कार्य करने के लिए हम सभी को भावनात्मक रूप से मजबूत बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार और नैतिक मूल्य ही हमें भावनात्मक और वैचारिक रूप से मजबूत बनाते है। एक परिपक्व युवा अपने परिवार, समाज तथा देश के लिए अमूल्य है और अभिभावकों तथा अध्यापकों को छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का समय बच्चें के लिए स्वर्णिम समय होता है। इस समय का लाभ उठाना छात्रों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के विकास में अहम योगदान देता है। उन्होंने बच्चों से अपनी ऊर्जा शिक्षा व समाज के विकास में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वह बच्चों को नशे की लत से दूर रखने में सहायक बनें।

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि व्यायाम एवं खेल इत्यादि में नियमित रूप से भाग लें ताकि सदैव स्वस्थ रहकर सकारात्मक कार्य में अपनी भूमिका निभा सकें।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सहभागिता निभाएगी सीयू : प्रो. बंसल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में केंद्रीय विश्वविद्यालय अपनी सहभागिता निभाने जा रहा है, जो भारत सरकार के युवा मामले विभाग की ओर से शुरू किया गया एक प्लेटफॉर्म है।

पोर्टल पर उपलब्ध एक प्रमुख अवसर 'विकसित भारत युवा नेता संवाद', अर्थात पुन: परिकल्पित 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025' से संबंधित है। इस महोत्सव की एक महत्वपूर्ण विशेषता 'विकसित भारत चैलेंज' है, जिसमें एक प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन खंड और एक विजन डेक का विकास शामिल है।

इस बहु-स्तरीय चुनौती के माध्यम से चुने गए युवाओं को 11 और 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के संवाद के दौरान सीधे माननीय प्रधानमंत्री के सामने विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अभूतपूर्व अवसर मिलेगा।

# शिमला की स्नेहल के सिर सजा 'मिस नॉर्दर्न-2024' का ताज

### हमीरपुर के साहिल शर्मा चुने गए मिस्टर नॉर्दर्न-2024



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन स्थल देवलोक में मिस्टर एंड मिसेज नॉर्दर्न के ग्रांड फिनाले का समापन धूमधाम के साथ हो गया है। इस दौरान शिमला की स्नेहल मिस नॉर्दर्न2024 चुनी गई जबकि प्रथम रनरअप आदिती द्वितीय रनरअप सृष्टि और तीसरे स्थान पर स्नेहा रही। वहीं मिस्टर वर्ग में हमीरपुर के साहिल शर्मा मिस्टर नॉर्दर्न 2024 चुने गए जबकि प्रथम रनरअप शौर्य दूसरे रनरअप विख्यात रहे इस दौरान सभी विजेताओं को मिस यूनिवर्स इंडिया श्वेता शारदा के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मिस्टर और मिस नॉर्दर्न-2024 के विजेता मिस नॉर्थ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि सभी एक से बढ़कर एक प्रतिभावान थे। उन्होंने कहा की इस मुकाबले में सबसे बड़ी चुनौती माइनस तापमान में खड़े होना था। (अनंत ज्ञान)

**विवाद** | अस्पताल प्रशासन ने बुलाई पुलिस, बिन पर्ची आई मरीज के खिलाफ शिकायत दर्ज

# गायनी चिकित्सक के साथ महिला मरीज ने की हाथापाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में सोमवार को महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा शर्मा के साथ एक महिला मरीज ने हाथापाई कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि चिकित्सक को अपने बचाव के लिए ओपीडी से बाहर आना पड़ा। हालात ऐसे हो गए कि चिकित्सक को अस्पताल में पुलिस बुलानी पड़ी।

बताया जा रहा है कि महिला मरीज सीधे गायनी ओपीडी में आई और अपना नंबर पहले डलवाने का चिकित्सक पर दबाव डालने लग गई। ऐसे में चिकित्सक द्वारा जब उनसे पर्ची मांगी तो उक्त महिला मरीज के पास कोई भी पर्ची नहीं थी। डॉ. अनुपमा शर्मा ने महिला मरीज को जब पर्ची बनाने को बोला तो वह चिकित्सक पर सीधे हाथापाई करने लगी। यहीं नहीं, बीच बचाव में जब महिला सुरक्षा गार्ड आई तो उसको भी महिला ने धक्का दे दिया। अंत में अस्पताल प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभाव से पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक महिला मरीज वहां से जा चुकी थी। जानकारी मिली है कि महिला मरीज की पहचान हो चुकी है और उसको पुलिस ने पूछताछ के लिए महिला थाना में बुलाया।



गौरतलब है कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में चिकित्सकों की सुरक्षा पर कई बार सवाल उठे हैं। इससे पहले भी अस्पताल में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है, जिसके चलते कई बार तो यहां पर तैनात चिकित्सकों द्वारा ओपीडी भी कुछ समय के लिए बंद की गई थी, लेकिन उसके बाद भी इस तरह की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को हुई इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन के सभी अधिकारियों ने मिलकर एक बैठक भी की है और बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। जिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश शर्मा का कहना है कि इस घटना को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला अस्पताल में प्रतिदिन चिकित्सक अपने तय समय से ज्यादा देर तक बैठक मरीजों को देखते हैं, लेकिन इस तरह से मरीजों का बर्ताव सहीं नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बिलासपुर में प्रतिदिन गायनी और शिशु रोग की 300 के करीब ओपीडी होती है और डॉ. अनुपमा शाम करीब 7 बजे तक यहां पर बैठकर महिला मरीजों का ईलाज करती है, लेकिन इस तरह से हुई घटना की अस्पताल प्रशासन निंदा करता है और पुलिस प्रशासन से मांग करता है कि उक्त महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएं।

उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने धारा 132 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी हैं।

# दक्षिण कोरिया से स्वदेश लौटेंगे विधानसभा अध्यक्ष पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कल यानि 26 नवंबर को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल से नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि कुलदीप सिंह पठानिया 4 नवंबर को 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के लिए रवाना हुए थे। कुलदीप सिंह पठानिया 8 नवंबर तक सम्मेलन में मौजूद रहे तथा तदोपरान्त तीन देशों क्रमश: न्यूजीलैंड, जापान तथा दक्षिण कोरिया के अध्ययन प्रवास पर रहें। कुलदीप पठानिया का 26 नवंबर को देर रात तक शिमला पहुंचने का कार्यक्रम है। हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधान सभा का सप्तम सत्र भी दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह में होना प्रस्तावित है। पठानिया ने कहा कि शीतकालीन सत्र धर्मशाला स्थित तपोवन में आयोजित किया जाएगा, जिसके आयोजन व्यवस्था के लिए उन्होंने जिला कांगड़ा प्रशासन को सियोल से ही दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।



**आज देर रात शिमला पहुंचने का कार्यक्रम**

पठानिया ने कहा कि एक कलैंडर वर्ष में विधान सभा द्वारा तीन सत्रों का आयोजन किया जाता है, इसलिए 31 दिसंबर से पूर्व शीतकालीन सत्र का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। कलदीप सिंह पठानिया 23 से 25 नवंबर तक दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के प्रवास पर हैं तथा आज भी उनका कई दर्शनीय स्थलों पर जाने का कार्यक्रम है।

पठानिया ने कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ भारत के मजबूत राजनितिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक संबंध हैं जिसका दोनों देश लाभ उठाकर एक- दूसरे का वाणिज्यिक, टेक्नोलॉजी तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग कर रहे हैं।

सियोल पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत विकसित है तथा भारत व प्रदेश सरकार को चाहिए कि वे देश व प्रदेश के पर्यटन को विकसित करने के लिए दक्षिण कोरिया सरकार द्वारा अपनाई जा रही नवीनतम उच्च टेक्नोलॉजी का प्रमुखता से इस्तेमाल करें तथा इसके संरचनात्मक ढांचे को मजबूत करें।

स घोषो धार्तराष्ट्राणां हृदयानि व्यदारयत्।
नभश्च पृथिवीं चैव तुमुलो व्यनुनादयन्।।

**भावार्थ :** और उन भयानक शब्द ने आकाश और पृथ्वी को भी गुंजाते हुए धार्तराष्ट्रों के अर्थात आपके पक्ष वालों के हृदय विदीर्ण कर दिए॥


अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 26 नवंबर 2024



# पांडवकालीन नीलकंठ महादेव मंदिर अलवर का प्रमुख पर्यटन केंद्र

## विदेशी आक्रांताओं ने किया मिटाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए

**राजस्थान** के अलवर जिले को पर्यटन केंद्रों की खान कहा जाता है। इसका कारण है यहां स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व, पांडुपोल एवं भर्तृहरि धाम सहित 52 ऐतिहासिक किले जो देश-दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं। सरिस्का के पास स्थित पांडवकालीन नीलकंठ महादेव मंदिर का अद्भुत मंदिर भी धार्मिक के साथ ही प्रमुख पर्यटन केंद्र का रूप ले चुका है। यहां महाशिवरात्रि एवं श्रावण मास के अलावा सालभर पर्यटकों का आना जाना रहता है। पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व का यह मंदिर शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नीलकंठ महादेव मंदिर अलवर के टहला से पश्चिम की ओर 10 किलोमीटर दूरी पर वर्तमान में ग्राम पंचायत राजोरगढ़ में स्थित है। यह मंदिर अलवर से दक्षिण-पश्चिम को 65 किलोमीटर जयपुर से उत्तर पूर्व 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस ऐतिहासिक मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं ने हमला कर मिटाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। साथ ही सरिस्का की वादियों में स्थित होने के कारण नीलकंठ महादेव मंदिर की प्रसिद्धि देश दुनिया में है। सरिस्का, पांडुपोल आने वाले ज्यादातर पर्यटक नीलकंठ महादेव मंदिर भी पहुंचते हैं। इस कारण यह ऐतिहासिक मंदिर अब अलवर जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र भी बन गया है।



### मंदिर की खासियत

**ऐतिहासिक** नीलकंठ महादेव मंदिर की खासियत है कि यहां स्थापित शिवलिंग नीलम का है। साढ़े चार फुट ऊंचे शिविलिंग की एक और खासियत है कि वह महाशिवरात्रि और श्रावण मास के दौरान प्राकृतिक रूप से दिन में तीन बार अपना रंग भी बदलता है। यही कारण है कि नीलकंठ महादेव मंदिर अलवर जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरों में शुमार है।

### वर्ष 1010 में हुई स्थापना

**सरिस्का** स्थित ऐतिहासिक नीलकंठ महादेव मंदिर की ख्याति के चलते ही विदेशी मुगल आक्रांताओं ने इसे तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। मंदिर में आज भी विदेशी आक्रांताओं की ओर क्षतिग्रस्त प्रतिमाएं मौजूद हैं। वर्तमान में आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से मंदिर की देखरेख की जा रही है। मंदिर की स्थापना वर्ष 1010 में तत्कालीन शासक अजयपाल ने कराई थी।



### मंदिर प्राचीन संस्कृति एवं कलाकृति का बेजोड़ नमूना

**नीलकंठ** महादेव मंदिर का गर्भगृह, शिखर पूरी तरह पत्थरों से निर्मित है। इस मंदिर की विशेषता है कि इसके निर्माण में सीमेंट, चूना या किसी अन्य सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। मंदिर के गर्भगृह एवं शिखरों पर दुलर्भ देवी-देवताओं की मूर्तियां उकेरी हुई हैं। यहां नृत्य मुद्रा में भगवान गणेश की दुलर्भ प्रतिमा एवं अन्य कई देवी-देवताओं की दुर्लभ प्रतिमाएं हैं, जो प्राचीन संस्कृति एवं कलाकृति का बेजोड़ नमूना है।

### गर्भगृह में प्रज्जवलित है अखंड जोत

**मंदिर** के पुजारी के अनुसार, नीलकंठ महादेव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना पांडवों ने की थी, तभी से यहां गर्भगृह में अखंड जोत प्रज्जवलित है। अलवर जिले के सरिस्का में द्वापर युग कालीन नीलकंठ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर पूजन करने के लिए राजस्थान के अलावा कई पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालु आते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान भगवान कृष्ण की उपस्थिति में द्रौपदी और अर्जुन ने उस नीलकंठ महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की। मुगल काल समय में औरंगजेब ने इस प्राचीन शिवालय को क्षतिग्रस्त भी कर दिया।

### नाथ संप्रदाय करता है पूजा



***नीलकंठ** महादेव मंदिर की पूजा  की ओर से की जाती है। श्रावण मास में यहां मेले का माहौल रहता है। इस मंदिर में सवा दो फुट के महादेव एकादश रुद्र के रूप में विराजित हैं। कहां जाता है कि ये स्थान महाभारत काल से है। नीलकंठ महादेव के मंदिर की दीवार देवी देवताओं की मूर्तियों से ही बनी हुई है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कहा जाता है कि जो भी भक्त  सच्चे मन से यहां पूजा अर्चना करता है। उनकी मनोकामना भी पूरी होती है।*







## उत्पन्ना एकादशी व्रत करने से मिलेगा अनंत पुण्य फल

**उत्पन्ना** एकादशी का व्रत मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को किया जाता है। संक्रांति, सूर्य और चंद्र ग्रहण पर दान करने, कुरुक्षेत्र में स्नान करने से जो पुण्य मिलता है, वहीं इस एकादशी के व्रत को करने मात्र से मिलता है। दस श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजन कराने का फल इस एकादशी के पुण्य के दसवें भाग के बराबर होता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। व्रत करने वाले व्यक्ति को दशमी (एकादशी से एक दिन पहले) की रात्रि में भोजन नहीं करना चाहिए। एकादशी के दिन प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में भगवान की पुष्प, दीप, धूप और अक्षत से पूजा की जाती है। उत्पन्ना एकादशी का व्रत करने वाले मनुष्य को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं प्राप्त होती हैं तथा मृत्यु के पश्चात भगवान विष्णु की शरण मिलती है। इस व्रत को करने वाले को मांस, मदिरा, लहसुन, प्याज, मसूर की दाल, गोभी, गाजर, बैंगन, मशरूम, मूली, शलजम, टमाटर आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। एकादशी के दिन प्रातःकाल जल्दी उठकर स्नान आदि नित्य कर्म से निवृत्त हो जाना चाहिए। स्नान के पश्चात भगवान विष्णु की पूजा दीप, धूप, नैवेद्य आदि से करनी चाहिए। रात्रि में दीपदान करना चाहिए।

### उत्पन्ना एकादशी व्रत कथा



प्राचीन काल में एक भयंकर राक्षस था, जिसका नाम मुर था। उसने इंद्र आदि देवताओं को जीतकर उनके स्थान से नीचे गिरा दिया। तब इंद्र ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की कि वे उन्हें मुर के अत्याचारों से बचाएं और मृत्युलोक में अपना जीवन व्यतीत करें। यह सुनकर भगवान विष्णु ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे उस राक्षस को मारकर उनके प्राण बचाएंगे। भगवान विष्णु उनके साथ चल दिए। उस समय मुर नामक राक्षस भी युद्ध के लिए आगे बढ़ रहा था। जब राक्षसों ने देवताओं को देखा तो वे उनसे युद्ध करने लगे। राक्षसों ने भगवान विष्णु पर अस्त्र-शस्त्र चलाना शुरू कर दिया। भगवान विष्णु ने मुर को मारने के लिए जो अस्त्र-शस्त्र चलाए थे, मुर की शक्ति से वे नष्ट होकर पुष्पों में बदल गए। कई वर्षों तक युद्ध चलता रहा, लेकिन मुर को हराया नहीं जा सका। अंत में भगवान विष्णु विश्राम करने के लिए बद्रिकाश्रम की एक गहरी गुफा में चले गए। मुर भी भगवान विष्णु को मारने के लिए वहां पहुंच गया। तभी गुफा में भगवान विष्णु से एक सुंदर कन्या प्रकट हुई और मुर से युद्ध करने लगी। उसने उसे धक्का देकर बेहोश कर दिया और उसका सिर काट दिया। जब भगवान विष्णु की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि किसी ने राक्षस को मार दिया है। लड़की ने बताया कि राक्षस तुम्हें मारने आ रहा था, इसलिए मैं तुम्हारे शरीर से उत्पन्न हुई और उसे मार डाला। भगवान विष्णु ने उसका नाम उत्पन्ना एकादशी रखा।

## अमोघ फलदायी है प्रदोष व्रत

### भगवान शिव की कृपा पाने के लिए शुभ है त्रयोदशी तिथि



**गुरु प्रदोष व्रत रखने से होगा शत्रुओं का नाश**

**28 नवंबर को प्रदोष व्रत पर विशेष**

***प्रदोष व्रत त्रयोदशी तिथि को रखा जाता है और इस दिन भगवान शंकर की पूजा की जाती है। यह व्रत शत्रुओं पर विजय हासिल करने के लिए अच्छा माना गया है। प्रदोष काल वह समय कहलाता है, जिस समय दिन और रात का मिलन होता है। भगवान शिव की पूजा एवं उपवास-व्रत के विशेष काल और दिन रूप में जाना जाने वाला यह प्रदोष काल बहुत ही उत्तम समय होता है। प्रदोष तिथि का बहुत महत्व है, इस समय की गई भगवान शिव की पूजा से अमोघ फल की प्राप्ति होती है। पंचाग के अनुसार मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष में प्रदोष व्रत 28 नवंबर को किया जाएगा। गुरुवार होने के कारण यह गुरु प्रदोष व्रत कहलाएगा।***

#### व्रत का शुभ मुहूर्त

**पंचांग** के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 28 नवंबर को सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी। इसके अगले दिन यानी 29 नवंबर को सुबह 8 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 28 नवंबर को मार्गशीर्ष माह का पहला प्रदोष व्रत किया जाएगा। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम को 5 बजकर 24 मिनट से लेकर 8 बजकर 06 मिनट तक है। इस व्रत को यदि वार के अनुसार किया जाए, तो अत्यधिक शुभ फल प्राप्त होते हैं। वार के अनुसार का अर्थ है कि जिस वार को प्रदोष व्रत पड़ता है उसी के अनुसार कथा पढ़नी चाहिए। इससे शुभ फलों में अधिक वृद्धि होती है। अलग-अलग कामनाओं की पूर्ति के लिए वारों के अनुसार प्रदोष व्रत करने से लाभ मिलता है। प्रदोष काल में की गई पूजा एवं व्रत सभी इच्छाओं की पूर्ति करने वाला माना गया है। इसी प्रकार प्रदोष काल व्रत हर माह के शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि में रखा जाता है। कुछ विद्वानों के अनुसार द्वादशी एवं त्रयोदशी की तिथि भी प्रदोष तिथि मानी गई है।

#### वार के अनुसार प्रदोष व्रत

**रवि प्रदोष व्रत :**
आयु वृद्धि तथा अच्छे स्वास्थ्य लाभ के लिए

**सोम प्रदोष व्रत :**
अभीष्ट कामना की पूर्ति के लिए

**मंगल प्रदोष व्रत :**
रोगों से मुक्ति तथा स्वास्थ्य वृद्धि के लिए

**बुध प्रदोष व्रत :**
सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति के लिए

**गुरु प्रदोष व्रत :**
शत्रुओं के दमन तथा नाश के लिए

**शुक्र प्रदोष व्रत :**
सुख-सौभाग्य और जीवनसाथी की समृद्धि के लिए

**शनि प्रदोष व्रत :** पुत्र प्राप्ति के लिए

## भाग्येश बलवान नहीं तो शुभ नहीं

**नवम** भाव तो भाग्य का है। नवम से पंचम भाव भी भाग्य से संबंधित है। केंद्र स्थान कर्म से संबंधित है। नवम और दशम दोनों के योग से जातक को राज योग मिलता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि भाग्य से जो फल मिलता है वह भी सुखकारी नहीं होता। प्रस्तुत जन्माङ्ग ऐसे जातक का है जिसका सूर्य, मंगल के साथ भाग्य भाव में है। लेकिन भाग्येश गुरु का उच्च राशि में वक्री होने के कारण नीच जैसा फल प्राप्त हो रहा है। वर्ष 1999 से जातक पर राहु महादशा प्रभावी है, जो वर्ष 2017 तक रही। पंचम भाव में शनि-राहु युति ने शिक्षा में बाधा पहुंचाई है। पंचमेश सूर्य पर पंचम भाव से राहु की दृष्टि ने बुद्धि भी क्षीण की। लग्नेश भाग्य भाव में सूर्य के साथ अस्त है। इसलिए राहु महादशा में जातक को शुभ फल नहीं मिला। तात्पर्य यह है कि भाग्य भाव में बलवान सूर्य होने के बावजूद यदि भाग्येश बलवान नहीं तो शुभ फल नहीं मिलता। यह अकेला सूर्य कुछ नहीं कर पाता। नवांश कुंडली में भी सूर्य बलहीन है। क्योंकि शत्रु क्षेत्री है। धर्म भाव में पाप ग्रह धर्म को कम करवाता है। सूर्य के धनु राशि में मूल नक्षत्र में स्वामी केतु के लाभ स्थान में होने से लाभेश शनि की दृष्टि लाभ स्थान पर होने से जातक को अधिक परिश्रम कर धन कमाना पड़ा। लग्नेश-पंचमेश भाग्य भाव में राजयोग इसलिए नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि मंगल अस्त है। जातक को जन्म से ही सूर्य महादशा, चंद्रमा और मंगल की महादशा तक शुभ फल मिला। राहु की महादशा आते ही पिता की मृत्यु हुई। संभव है कि गुरु की महादशा भी शुभ नहीं रही। शनि अकारक है और बुध अकारक होकर अष्टम भाव में अच्छे फल नहीं दे पाएगा।

**-विभूति शर्मा, भडियाड़ा**

## उत्तर दिशा में कुबेर का वास

**कहते हैं घर की उत्तर दिशा में भगवान कुबेर का वास होता है। अगर इस दिशा को वास्तु के अनुरूप रखा जाए, तो अपार धन और संपत्ति के मालिक हो सकते हैं।**





### उत्तर दिशा में क्या करें और क्या न करें

घर की उत्तर दिशा में पानी का नल न लगाए इससे धन की हानि हो सकती है। घर की शांति के लिए उत्तर दिशा घर के मध्य भाग से नीचा होना चाहिए।

घर में सुख शांति के लिए उत्तर दिशा में किचन न बनवाएं। घर की उत्तर दिशा में पूजा स्थान और गेस्ट रूम शुभ होता है। घर के सदस्यों में प्यार बना रहे, इसलिए उत्तर दिशा में कोई भी दीवार टूटी हुई या किसी भी दीवार में दरार नहीं होनी चाहिए।

# न्यूज ब्रीफ

## शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में बाल विकास विभाग के सौजन्य से आयोजित आत्मरक्षा का 10 दिवसीय शिविर जिसका सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था । इस शिविर में विद्यालय के प्रशिक्षक सतीश राणा, जो ब्लैक बेल्ट धारक हैं, ने लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, आज सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिसे पाकर उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बतायाकहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान केवल किसी संकट से बचाव के लिए नहीं है, बल्कि यह लड़कियों में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने का भी माध्यम है। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। छात्राओं ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। एक अन्य छात्रा ने कहा, 'हम सतीश सर के आभारी हैं जिन्होंने हमें यह महत्वपूर्ण कला सिखाई। हम चाहते हैं कि ऐसे शिविर हर साल आयोजित हों।'

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मैड़ स्कूल प्रथम




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चैधरी के मार्गदर्शन में सोमवार को गर्ल्स राजकीय माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं भरठेण, नाल्टी, ककडयार, ताल, जोलसपड़, कोट, मैड, झिरालड़ी व बाल राजकीय माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर द्वारा भाग लिया गया। इस मौके पर एचआईवी एड्स पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई जिसका संचालन प्रवक्ता दलीप चंद, नीलम पटियाल, वंदना शर्मा व राजेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक पाठशाला मैड़ की टीम को प्रथम, राजकीय माध्यमिक पाठशाला जोलसप्पड़ को द्वितीय, राजकीय माध्यमिक पाठशाला भरठेण को तृतीय तथा राजकीय माध्यमिक पाठशाला नाल्टी को चतुर्थ स्थान पर आंका गया। इन विजेता टीमों के लिए क्रमशः 3000, 2000, 1300 व 700 के पुरस्कार की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने एचआईवी एड्स पर जानकारी दी। इस अवसर पर पाठशाला की प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने इस आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी को-ऑर्डिनेटर सलोचना व इन पाठशालाओं से शामिल अध्यापक वर्ग में देवेंद्र चंदेल, मदन लाल, मीनू ठाकुर, सुरेश कालिया, सविता कुमारी, नीतिका डोगरा सुनैना, कंचन बाला भी उपस्थित रहीं।

## डीएवी भड़ोली में वार्षिक संगीत कार्यक्रम 27 को

**नादौन।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भड़ोली में 27 नवंबर को वार्षिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि इस वार्षिक कार्यक्रम में ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न और पालमपुर के विधाय अशीष बुटेल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वार्षिक संगीत कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## दीक्षा को स्वर्ण पदक मिलने से खुशी का माहौल




**नादौन।** बलौनी धनेड़ गांव की दीक्षा सोनल पुत्री बिहारी लाल सोनल को एमटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने से परिजनों व क्षेत्र में खुशी का महौल है। दीक्षा को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश टेकनिकल यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला द्वारा नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद कुमार पॉल, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, कुलपति सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दिया गया। इस अवसर पर एचपीटीयू के प्रोफेसर शशि कुमार, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा और एनआईटी हमीरपुर के निदेशक हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी भी उपस्थित रहे।

## बड़सर कॉलेज में क्लस्टर टीम ने किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में उच्च शिक्षा निदेशालय की क्लस्टर स्तरीय कमेटी ने बड़सर महाविद्यालय की सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक और गैर शिक्षण स्टाफ ने कमेटी का भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत निरीक्षण टीम का नेतृत्व कर रहे राजकीय महाविद्यालय खड्ड के प्राचार्य डॉ. राजेंद्रा शर्मा ने किया, जबकि उपाध्यक्ष डॉ. बीएस राठौड़ प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हरोली थे। कमेटी के सदस्यों के रूप में प्रो. रवि राज प्रवक्ता अंग्रेजी खड्ड कॉलेज, डॉ. संजय शर्मा प्रवक्ता वनस्पति विभाग राजकीय महाविद्यालय ऊना, डॉ. भगवान दास प्रवक्ता अर्थशास्त्र महाविद्यालय ऊना और मनोज कुमार जेओए आईटी राजकीय महाविद्यालय खड्ड उपस्थित रहे। बड़सर कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार ने बताया कि निदेशालय की क्लस्टर स्तरीय टीम ने कॉलेज द्वारा सात मापदंडों से युक्त सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट व साइंस लैब और अन्य कक्षा श्रेणियां का निरीक्षण किया इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा ने कमेटी के द्वारा दिए गए महत्त्वपूर्ण सुझावों को भविष्य में अमल में लाने के लिए विश्वास दिलाया। इस अवसर पर प्रो. ज्योत्स्ना, डॉ. अनिल डोगरा, प्रो. अजय, प्रो. मनोज शर्मा, डॉ. विजय ठाकुर, प्रो. सुनील पाठक, प्रो. मनदीप, डॉ. धर्मेंद्र, प्रो. मस्तराम, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. अंजना, प्रो. शिवम, प्रो. ज्योति, प्रो. रीता, प्रो. आकाश, प्रो. श्वेता, प्रो. मधु, सुरेश कुमार ग्रेड-1, राजेश शर्मा ग्रेड 2, मीना शर्मा व करतार चंद आदि उपस्थित रहे।

## सद्भावना सप्ताह में छात्रों ने प्रतियोगिताओं में लिया भाग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहणी में प्रधानाचार्य रेणु कौशल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। कक्षा छठी से बाहरवीं तक के सभी छात्रों ने सप्ताह भर होने वाली गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी भूगोल प्रवक्ता निशा शर्मा व सहयोगी उमा पटियाल ने विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई, जैसे नारा लेखन, पेंटिंग, रैली निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, एकता शपथ इत्यादि। छात्रों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस सात दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# राधा स्वामी अस्पताल भोटा को बंद करने को लेकर लोगों ने किया चक्का जाम

## बोले-तीन दिन में मांगें पूरी नहीं हुई तो सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे





राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा को बंद करने को लेकर लोगों ने जाम लगाया, (दाएं) उपायुक्त से मिलता प्रतिनिधिमंडल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा को बंद करने को लेकर लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार को भोटा के आसपास के लोगों ने राधा स्वामी भोटा अस्पताल चौक पर चक्का जाम किया व अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़कों पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझाया और सड़क को खुलवाया।

लोगों का कहना है कि क्षेत्र के 15 किलोमीटर दायरे में आने वाले लोगों को इस अस्पताल में निशुल्क बेहतर उपचार की सुविधा मिल रही है। फिर भी प्रदेश सरकार इसे बंद करना चाहती है। लोगों का कहना है कि यदि राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा को बंद करने का फैसला वापस नहीं लिया तो इसका व्यापक स्तर पर विरोध किया जाएगा। वहीं, राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा की जमीन को महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसायटी को ट्रांसफर करने को लेकर जिला परिषद, पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवी संस्थाओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त हमीरपुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि 15 किलोमीटर दायरे वाले क्षेत्रों के लोगों का यहां लंबे समय से फ्री में उपचार हो रहा है। राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल को अब 45 बेड से अपग्रेड किया जाना है। इसके लिए राधा स्वामी सत्संग व्यास की जमीन को उसी की संस्था महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसायटी में ट्रांसफर करने की मांग की जा रही है, जिसे प्रदेश सरकार अभी तक पूरा नहीं कर पाई है।

प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि पिछली चार सरकारों में से किसी ने भी व्यास चैरिटेबल की अर्जी आज तक मंजूर नहीं किया है, ऐसे में व्यास संस्था 30 नवंबर से चैरिटेबल अस्पताल को पूरी तरह से बंद कर रहा है। इसके अस्पताल में काम करने वाले 200 कर्मचारी, करोड़ों रुपए की मशीनरी इत्यादि को व्यास में शिफ्ट किया जा रहा है, ऐसे में चैरिटेबल अस्पताल में उपचार करवा रहे लोगों का इलाज भी रुक गया है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि तीन दिनों के अंदर अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे क्योंकि प्रदेश सरकार चाहे तो चंद मिनटों में अध्यादेश जारी करे उत्पन्न हुई समस्या को बहाल कर सकती है। यही वजह है कि लोगों का आक्रोश दिन-प्रतिदिन प्रदेश सरकार के खिलाफ बढ़ता जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## एनएच निर्माण में लापरवाही महाड़े गांव के लोगों पर पड़ रही भारी

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



बारी के महाड़े गांव में रास्ते पर बह रहा टूटी नाली का पानी, लोगों की बढ़ी मुश्किलें।

नेशनल हाइवे नंबर-3 के निर्माण कार्य में लापरवाही का खामियाजा महाड़े गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। निर्माण के दौरान नाली टूटने से पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे गांव के करीब 25 से 30 घरों के लोग परेशान हैं। यह पानी न केवल आवाजाही में बाधा बन रहा है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों के लिए खतरा भी पैदा कर रहा है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं।

पूर्व प्रधान बबीता चौहान ग्रामीण आशा देवी, सीमा देवी, प्यार चंद, देश राज, प्रकाश चंद, प्रमोद सिंह का कहना है कि रास्ते पर लगातार बह रहे पानी के कारण स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए आना-जाना मुश्किल हो गया है। कई लोग इस पानी की वजह से फिसलकर घायल हो चुके हैं। उनका कहना है कि कई बार निर्माण कंपनी से इस बारे में शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीण रजनीश चौहान ने इस बारे 1100 हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई लेकिन तीन महीने बीत जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है व समस्या जस की तस बनी हुई है। इस लापरवाही को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। लोग प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

इस मामले पर जलशक्ति विभाग के बारी मंदिर सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार ने कहा कि निर्माण कंपनी को टूटी नाली की मरम्मत करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## राधा स्वामी हॉस्पिटल भोटा को सुचारु रूप से चलाए सरकार : अर्चना

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि सुनने मे आ रहा है कि राधा स्वामी हॉस्पिटल भोटा बंद हो रहा है। इस अस्पताल में हर मरीज को मुफ्त सुविधा जैसे फ्री में पर्ची, दवाई ,एक्स-रे, लैब और ओपीडी की सुविधा मिलती है।

राधा स्वामी हॉस्पिटल भोटा में रोज 1000 से 1200 मरीजों को फ्री स्वास्थ्य सुविधा मिलती है जो कि लगभग 1000 गांव के तीन लाख लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पिछले 25 सालों से मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश में एक ही ऐसा अस्पताल है जो की 25 सालों से मुफ्त इलाज करता आ रहा है। हिमाचल सरकार कुछ टैक्स लगा रही है जिसका कारण यह है कि अस्पताल बंद हो रहा है। सरकार को चाहिए कि जनता के हित में फैसला ले, अगर आप जनता को कुछ दे नहीं सकते तो उसे छीनने का प्रयास भी न करे और इसे सुचारु रूप से चलाए।

## दड़ूही पंचायत के लोगों ने नगर निगम में शामिल न होने पर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



समस्या को लेकर डीसी से मिलते दड़ूही पंचायत के ग्रामीण।

हमीरपुर जिले के दड़ूही पंचायत के लोगों ने नगर निगम में शामिल न होने के लिए हमीरपुर के डीसी को ज्ञापन सौंपा है। पंचायत प्रधान उषा बिरला की अध्यक्षता में सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह को नगर निगम में शामिल न होने के लिए पत्र सौंपा है। लोगों ने दो टूक कहा कि वह नगर निगम में किसी भी सूरत में शामिल नहीं होना चाहते हैं, क्योंकि पंचायत में गरीब लोग रहते हैं, जो कि नगर निगम का भारी भरकम टैक्स अदा नहीं कर सकेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें नगर निगम में शामिल करने से पहले पंचायत के लोगों से राय ली जाए, उसके बाद ही उन्हें नगर निगम में शामिल किया जाए। ग्रामीणों ने उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से प्रदेश सरकार को दो हफ्ते के अंदर इस पर फैसला लेने की मांग की है कि दड़ूही पंचायत को जल्द से जल्द नगर निगम से बाहर किया जाए। अगर दड़ूही पंचायत को नगर निगम से बाहर नहीं किया गया, तो पंचायत के लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। दड़ूही पंचायत को जल्द से जल्द नगर निगम से बाहर किया जाए क्योंकि गांव के लोग पंचायत में रहना चाहते हैं, उन्हें जबरदस्ती नगर निगम में शामिल न किया जाए।

### बोले-नगर निगम में किसी भी सूरत में नहीं होंगे शामिल

इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों में दलजीत कुमार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, बलवीर चंद, दीप कुमार, राजीव कुमार, सीता राम, मनोहर लाल, जय चंद, जगदीश चंद, वतन सिंह, अमर सिंह, बांकू राम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत प्रधान ने भी किया विरोध

वहीं, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान उषा बिरला ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हमीरपुर में नगर निगम बनाया जा रहा है जिसमें दड़ूही पंचायत को भी शामिल किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम में शामिल होने पर इसका विरोध जताया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में शामिल होने से नुकसान ज्यादा है और लाभ कम हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में गरीब तपके के लोग रहते हैं। उन्होंने उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा है कि वह ग्राम पंचायत दड़ूही को नगर निगम में शामिल न करें।

## बड़सर को मिल सकता है नगर पंचायत का दर्जा, अधिसूचना हो सकती है जारी

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हमीरपुर जिले के उपमंडल बड़सर मुख्यालय को आज नगर पंचायत का दर्ज मिल सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़सर को नगर पंचायत की अधिसूचना जारी होने की पूर्ण संभावना है। बता दें कि बड़सर उपमंडल में इससे पहले एक नगर पंचायत भोटा ही थी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिले को विश्व के मानचित्र पर दर्शाने के लिए कई विकासात्मक कार्य शुरू किए हुए हैं। इसी कड़ी में बड़सर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्ज मिलने जा रहा है। अगर बड़सर नगर पंचायत बन जाती है तो बड़सर में जो भी विकासात्मक कार्य होंगे, उन्हें अर्बन डेवलपमेंट के तहत करवाया जाएगा। नगर पंचायत में सीवरेज स्ट्रीट लाइटें, सड़के अन्य कार्य एक प्लानिंग के तहत किए जाते हैं। नगर पंचायत बनते ही ग्राम पंचायत बणी, ग्राम पंचायत भकरेड़ी, ग्राम पंचायत बड़सर तथा ग्राम पंचायत बलयाह का बार्ड बिसवीं नगर पंचायत में शामिल हो जाएंगे। लगभग 8000 के करीब जनसंख्या को नगर पंचायत में शामिल हो जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बड़सर में 7 से 9 वार्ड हो सकते हैं।

## बड़सर में सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 29 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 29 नवंबर को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय बड़सर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या पास तथा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 से लेकर 20,000 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## सभी शिक्षण संस्थानों में लगाएं बीएलओ हेल्प डेस्क : उपायुक्त अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के तहत सभी पात्र लोगों और विशेषकर युवाओं के नाम इन सूचियों में शामिल करने के लिए 26 नवंबर को सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई, नर्सिंग संस्थानों, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और सरकारी एवं गैर सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में बीएलओ हेल्प डेस्क लगाए जाएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अन्य अभिहित अधिकारियों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी विद्यार्थियों के पंजीकरण के लिए आवश्यक प्रबंध करें, ताकि सभी पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में शामिल किए जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 27 नवंबर को सुबह 11 बजे तक बीएलओ हेल्प डेस्क तथा इनमें पात्र युवाओं के पंजीकरण से संबंधित रिपोर्ट पूरी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित करने के भी निर्देश दिए हैं।

## हमीरपुर जिले में भाजपा के बने एक लाख सदस्य

### प्राथमिक सदस्यता अभियान से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े 92 हजार लोग : देशराज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




प्रेस वार्ता में देशराज शर्मा बोले-30 तक बूथ समिति के चुनाव पूरे कर लिए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश में 3 सितंबर से शुरू हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता अभियान के तहत हमीरपुर जिले में 105000 सदस्य जोड़े गए हैं। ऑनलाइन माध्यम से 92 हजार लोगों को भारतीय जनता पार्टी के साथ जोड़ा गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा नेताओं ने इस सदस्यता अभियान में अपनी कारगर भूमिका निभाई है। यह बात जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि हर बूथ पर 200 या उससे अधिक सदस्य बनाए गए हैं। पांच विधानसभा में अभी तक 532 बूथ में आए 132 बूथ समितियां का गठन कर लिया गया है। 30 नवंबर तक बूथ समिति के चुनाव पूरे कर लिए जाएंगे। महाराष्ट्र में हुई भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नाता के प्रयास सफल हुए हैं।

हमीरपुर भाजपा में गुटबाजी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर सभी सदस्य नए हो या पुराने सब का मान सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा में गुटबाजी के सवाल को सिरे से ही नकार दिया। इस दौरान प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष के अलावा जिला के महामंत्री अजय रिंटू, जिला उपाध्यक्ष वीना कपिल, मंडल के अध्यक्ष आदर्श कांत, कार्यालय सचिव गजन राम, युवा मोर्चा के अध्यक्ष कपिल मोहन व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा उपस्थित रहे।

## सीएम प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने का कर रहे प्रयास : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार 11 दिसंबर को 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने जा रही है, जिस पर बिलासपुर में जश्न मनाया जाएगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कही।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में होटल भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल से ही घाटे में चल रहे थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने घाटे से उभारने के लिए कोई कार्य नहीं किया है। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश में कोई आर्थिक सुधार नहीं करना चाहती, लेकिन आए दिन बयानबाजी करके लोगों को गुमराह करने का काम करती है। वहीं मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

## जाहू स्कूल में बच्चों को एनडीआरएफ टीम ने सिखाई आपदा में बचने की तकनीक




**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में स्कूली बच्चों और अध्यापकों को एनडीआरएफ की टीम ने आपदा से बचने के लिए विभिन्न तकनीकों के माध्यम से अपनी सुरक्षा करने के बारे में जागरूक किया। भोरंज उपमंडल के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार पृथी चंद की अध्यक्षता में सोमवार को स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनडीआरएफ 14वीं बटालियन जसूर कांगड़ा के टीम लीडर इंस्पेक्टर डैनी कुमार अटवाल, सब इंस्पेक्टर प्यार चंद व अन्य सदस्यों ने आपदा के समय काम आने वाली जीवन रक्षक तकनीक से बच्चों और अध्यापकों को अवगत करवाया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने आपदा प्रबंधन की टीम के सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान डैमो प्रदर्शन में स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ भी उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## आयोजन — 'अभिव्यक्ति थीम' पर धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक समारोह

# हैप्स के वार्षिकोत्सव-2 में 174 मेधावियों को किया सम्मानित





कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि का स्वागत करते गण्मान्य, (दाएं) कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देते स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के वार्षिकोत्सव-2 का वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। 'अभिव्यक्ति थीम' पर मनाए गए इस वार्षिक समारोह में एलुमनाई डॉ. अनमोल सोढी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। छात्रों ने अभिभावकों का दर्शक दीर्घा में पहुंचने पर वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों व तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय प्राचार्या शशिबाला ने स्वागत भाषण पढ़ा।

मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन प्रोफेसर आरसी लखनपाल, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्या विकासनगर नैना लखनपाल, प्राचार्या हीरानगर शशिबाला व विद्यालय समन्वयकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

विद्यालय शिरोमणि छात्रा अग्रता ने मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकास नगर, प्राचार्य हीरानगर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में डॉ. शुचि शर्मा, डॉ. गीतांजली, कुसुम, अनु ठाकुर, ललित कुमार, सारिका ठाकुर, बृजेश डोगरा, राजेश कुमार, शिल्पा व शामली लक्की डिप के विजेता रहे।

मेधावी 174 छात्रों को मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्या विकासनगर व प्रधानाचार्य हीरानगर ने अलग-अलग क्रियाकलापों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सरस्वती वंदना, आयि गिरि नंदनी, सतरंगी समूह गान, जय जय कारा, शिव संकरा मलहारी, उतराखंड फोक, डम्बल प्रस्तुति, भांगड़ा, कृष्ण सुदामा एक्ट, शिव तांडव व अशोका एक्ट रहे। इस अवसर पर मुख्य तिथि ने कहा कि बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का होना नितांत आवश्यक है। इवेंट मैनेजर चंद्र किरण, समन्वयक डॉ. नीता सिंह, रोहित अग्निहोत्री, रोहित शर्मा, पूजा शर्मा, माया शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक पटियाल, विपिन शर्मा, मधुबाला, रीता परमार, प्रेमलता, शालिनी, संगीता, रिशु, दीपा, अभिषेक, पंकज शर्मा, उमा शर्मा, शिल्पा ठाकुर, मीनाक्षी, संगीत अध्यापिका शिप्रा, अभिनाश, लक्ष्मी व सुशील सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक रहे।

## दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाएं संबंधित विभाग : डीसी

**हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने तथा इन्हें विभिन्न योजनाआओं के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उपमंडल भोरंज के गांव पपलाह की हिमाचल दिव्यांग कल्याण सभा की ओर से प्राप्त मांग पत्र पर उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभा के उपाध्यक्ष रोशन लाल को भरोसा दिया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए जिला में विशेष प्रावधान किए जाएंगे। उनके लिए उपमंडल एवं तहसील स्तर पर ही मेडिकल जांच शिविर और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। हिमाचल दिव्यांग कल्याण सभा के उपाध्यक्ष रोशन लाल ने सभा की मांगों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के लिए उपायुक्त का आभार व्यक्त किया।

शांत दिमाग आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास लाता है, इसलिए यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। –दलाई लामा

## संपादकीय

# सांसों पर पहरा

वायु प्रदूषण की समस्या को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली–एनसीआर में स्कूलों को फिर से खोलने के लिए एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन यानी सीएक्यूएम को निर्देश देकर बहुत बड़ी राहत दी है। यह राहत विशेषकर उन अभिभावकों के लिए है, जिन्होंने बच्चों की बर्बाद हो रही पढ़ाई को ध्यान में रखकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। निश्चित रूप से यह फैसला कई मायनों में सही प्रतीत होता है, क्योंकि मामला आखिर बच्चों के भविष्य ये जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने दिल्ली–एनसीआर में ग्रैप–4 के तहत स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों की फिजिकल क्लासेस पर लगी पाबंदियों में ढील देने पर विचार करने का निर्देश दिया। ये पाबंदियां पिछले हफ्ते से जारी खतरनाक हवा को देखते हुए लगाई गई थीं।

बहुत सारे छात्र फिजिकल क्लासेस बंद होने के कारण मिड–डे मील का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं जो वाकई चिंता का विषय है। छात्रों के अभिभावकों ने फिजिकल क्लासेस फिर से शुरू करने के लिए एक अर्जी दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने यह तर्क दिया था कि समाज के निचले तबके के कई परिवारों के पास इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स नहीं हैं, जिससे वे ऑनलाइन शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। दिल्ली–एनसीआर में गंभीर प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप–4 की पाबंदियां लागू हैं। ग्रैप–4 के तहत प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए कई कठोर उपाय किए जाते हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इससे पहले कि किसी भी तरह की छूट दी जाए, वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में सुधार की स्थिर स्थिति को दिखाना होगा। वायु प्रदूषण की समस्या के लिए जिम्मेदार आखिर कौन है? इसका जवाब है इंसान खुद इस गंभीर होती समस्या के लिए जिम्मेदार है। दरअसल, वायु प्रदूषण की समस्या के लिए एक नहीं, बल्कि कई कारक जिम्मेदार हैं। मानव गतिविधियों से उत्पन्न प्रदूषकों की वजह से वायु प्रदूषण जैसी समस्या जन्म लेती है। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन सबसे बड़ी समस्या उभरकर सामने आ रहा है। हालांकि, यह समस्या पहले नहीं थी, लेकिन जैसे–जैसे वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है यह समस्या भी उतनी ही विकराल हो रही है। मोटर गाड़ियों और अन्य वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें होती हैं।

ये घातक गैसें वायुमंडल में एक परत के रूप में इक्ट्ठी होकर सूर्य की रोशनी को धरती पर आने नहीं देतीं यानी उन्हें बाधित करती हैं। इस वजह से ये गैसें वातावरण में घुल जाती हैं जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कतें पेश आती हैं। खासकर दमा रोग से पीड़ित लोगों के लिए तो जीना मानो दूभर हो जाता है। उद्योगों से होने वाला उत्सर्जन भी वायु प्रदूषण की एक बड़ी वजह माना जाता है। कारखानों और अन्य उद्योगों से निकलने वाले धुएं में सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें होती हैं जो सांसों में व्यवधान उत्पन्न करती हैं। यानी एक तरफ वाहन तो दूसरी तरफ कारखाने वायु प्रदूषण में इजाफा कर रहे हैं। कोयले, तेल और गैस जैसे ईंधनों के जलने से भी वायु प्रदूषण होता है।

कृषि गतिविधियों से अमोनिया और अन्य हानिकारक गैसें निकलती हैं। निर्माण गतिविधियों से धूल और अन्य हानिकारक कण निकलते हैं। दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पिछले कुछ सालों से एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। यह समस्या खासतौर पर सर्दियों में और त्योहारों के मौसम में अधिक विकट हो जाती है। अगर यह समस्या लोगों ने खुद पैदा की है तो उसका हल भी उन्हें खुद ही खोजना होगा। प्रदूषण से सबसे ज्यादा जोखिम नवजात और बच्चों को होता है। वरिष्ठ नागरिक, कमजोर इम्यूनिटी वाले, डायबिटीज के मरीज, धूम्रपान करने वाले, गर्भवती महिलाएं पुरानी बीमारी वाले लोग तथा कमजोर लंग्स वाले लोगों को भी वायु प्रदूषण हिलाकर रख देता है। चिकित्सा विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि जब तक प्रदूषण का स्तर नीचे नहीं आता, तब तक खुले में कम से कम निकलें और पानी पीते रहें। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता जिस स्तर पर पहुंच चुकी है, उसमें एन95 मास्क पहनना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि एन95 और एन99 मास्क पीएम 2.5 और पीएम 10 के खिलाफ काफी असरदार हैं और सर्जिकल या कपड़े के मास्क की तुलना में ये बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध लेखक, कवि, भाषाविद और संपादक

**नाथूराम** प्रेमी प्रसिद्ध लेखक, कवि, भाषाविद और संपादक थे। वे अपनी रचनाएं 'प्रेमी' उपनाम से लिखते थे। नाथूराम जी ने संस्कृत, बंगला, मराठी और गुजराती भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने मौलिक ग्रंथों के प्रकाशन के साथ–साथ भारतीय भाषाओं, विशेषत: बंगला के मूर्धन्य साहित्यकारों की रचनाओं के अनुवाद प्रकाशित करके हिंदी के भंडार को भरने का सराहनीय कार्य संपन्न किया था। नाथूराम प्रेमी का जन्म मध्य प्रदेश के सागर जिले में 'देवरी' नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम टुंडेलाल मोदी था, जो लेन–देन का कार्य करते थे। अपने स्कूली दिनों में नाथूराम जी कक्षा के मॉनीटर थे। एक समय पिता के लेन–देन के काम में इतना घाटा हुआ कि साहूकार ने चूल्हे में चढ़ा दाल का बर्तन तक कुर्की में उठा लिया। इस गरीबी में पले नाथूराम प्रेमी ने प्रशिक्षण लेकर गांव की अध्यापकी से अपना व्यावसायिक जीवन आरंभ किया। उस समय उन्हें सात रुपए मासिक वेतन मिलता था। नाथूराम जी का विवाह 'रमा देवी' से संपन्न हुआ था, जो निकट के गांव सरखेड़ा, जिला सागर की रहने वाली थीं। आगे के दिनों में नाथूराम प्रेमी को अमीर अली मीर के संपर्क में आने का अवसर मिला। इससे उनके अंदर कविता करने का शौक पैदा हुआ। वे 'प्रेमी' के उपनाम से कविताएं लिखने लगे, जो 'रसिक मित्र', 'काव्य सुधाकर' आदि पत्रों में प्रकाशित हुईं, लेकिन उनका कवि रूप अल्पकालिक रहा। वे 'मुंबई प्रांतिक दिगंबर जैन सभा' में लिपिक रूप में काम करने के लिए मुंबई चले गए। यहां प्रेमी जी को विकास का प्रचुर अवसर मिला। उन्होंने संस्कृत, बंगला, मराठी और गुजराती भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। 'जैन मित्र' नामक पत्र के संपादक भी वही थे। फिर स्वाभिमान पर चोट आते देखकर वे संस्था से अलग हो गए। ■



नाथूराम प्रेमी
जन्म : 26 नवंबर, 1881
मृत्यु : 30 जनवरी, 1960

## कविता — दो पंक्तियां आप के नाम




डॉ. कौमार्या मनोज

*चाहता दिले दर्शन मैं, कर लूं अपने यार का।*
*वो हैं कि आजमाती, वजन मेरे प्यार का।।*
*मान लिया सबकुछ है उनको, अपने दिले जान संसार का।*
*वो यारों मुझको समझ न पाती, न समझ है मेरे प्यार का।।*
*जब मिलने का मन होता तो, कैसे उन्हें बताऊं मैं।*
*दिलों जान से प्यार हूं करता, कैसे उन्हें समझाऊं मैं।।*
*पता नहीं क्या हुई है गलती, क्यों वो मुझसे नाराज है।*
*या तो मौसम ठीक नहीं है, या तबीयत उनकी नासाज है।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# मनुष्य ही ईश्वर की सर्वोत्तम संरचना





लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

मनुष्य का जीवन बहुत ही दुर्लभ हैं। ईश्वर ने दुनिया में जब सृष्टि निर्माण की ओर अपना कदम बढ़ाया होगा तब उन्होंने भी सोचा होगा कि संसार के निर्वाह के लिए मैं ऐसी एक उत्कृष्ट जीवात्मा का निर्माण करूंगा जो बिलकुल मेरी तरह प्रत्येक कार्य को करने में निपुण हो तथा वह अपनी कर्मठता, लगन व मेहनत से हर मन वांछित, वस्तु, वरदान या फिर हर वो स्थिति प्राप्त कर ले जिसका वह हकदार होगा। अर्थात ईश्वर ने अपने हाथों में कुछ भी नहीं रखा है, परंतु उसने मनुष्य को लगन, मेहनत कर्तव्य परायणता के आधार पर सब कुछ प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाया है मेरे विचार अनुसार ईश्वर कभी भी एक मेहनती व्यक्ति को निराश नहीं करते हैं। वशर्तें वह दृढ़ निश्चय के साथ सत्य, श्रम व ईमानदारी से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़े। कहते हैं कि भाग्य भी बहादुरों का साथ देता है। हर व्यक्ति जो बहादुरी के साथ काम करता है हर परिस्थिति का सामना करने के लिए अपने आप को सक्षम मानते हुए अपना लक्ष्य साधने का प्रयास करता है।

भले ही उसे अपने लक्ष्य तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अनेक प्रकार के अनुभवों से गुजर कर जब वह सफलता के चरमोत्कर्ष तक पहुंचता है और तब जो उसे आनंद प्राप्त होता है। वह अपने आप में ही एक अतुलनीय है कई बार छोटी–मोटी कठिनाइयां आने पर व्यक्ति थक हार जाता है और अपनी दिशा बदलने का प्रयास करता है। उस समय इस बात का ध्यान रहे कि कठिनाइयों से डर कर जब व्यक्ति अपने लक्ष्य बदल लेते हैं, तो सफलता प्राप्त करना और भी कठिन हो जाता है इसलिए जिस रास्ते पर बढ़ रहे हो कुछ रास्ते की चुनौतियों को अपनी सफलता की सीढ़ी मानकर सत्य, श्रम व ईमानदारी से जीवन यापन करते हुए निरंतर नदी की लहरों की तरह आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता वशर्ते लगन व मेहनत के साथ कार्य किया जाए, तो असंभव कार्य ही संभव प्रतीत होते जाते हैं। कहते हैं कि भाग्य का लिखा कभी मिट नहीं सकता, लेकिन शायद किस्मत में यही लिखा गया हो कि भाग्य कर्म करने से ही बनेगा जैसा व्यक्ति कर्म करेगा उसी को वैसा ही फल मिलता है इसलिए भाग्य के भरोसे न रहते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे हर हाल में निरंतर लगन व मेहनत के रास्ते की लकीरों पर चलते हुए आगे बढ़ना चाहिए जीवन में लक्ष्य का होना अति आवश्यक है।

लक्ष्य का होना जीवन में उस दशा के समान है जैसी किसी समुंद्र में नाविक के बिना नाव अर्थात समुद्र में नाव तो है, परंतु उस नाव को दिशा देने वाला नाविक नहीं जो चप्पू चला कर नाव को पतवार की तरफ ले जा सके नाव को सही दिशा प्रदान करके एक उचित जगह ले जा सके, जिससे उसे नाव को समुंद्र में भटकन से छुटकारा मिल सके और नाव का प्रयोग नित्य ही राहगीरों आवाजाही के लिए किया जा सके। यह उस नाव का भी सौभाग्य होगा कि उसके ऊपर रोज लोग सवारी करते हैं तथा अपने गंतव्य की ओर जाते हैं, परंतु जब नाव नाविक की पहुंच से दूर रहती है तो उसका उपयोग संभव नहीं वह समंदर में भटक जाती है और जब वह बिना नविक होती है, तो कोई भी उसे पर सवार होना ही नहीं चाहता और इस स्थिति में उस नाव के लिए भी यह दुर्भाग्य की बात है ईश्वर ने मनुष्य को हर प्राणियों में श्रेष्ठ बुद्धिमान और सर्व शक्तिमान बनाया है तथा सब कुछ उसके हाथ में दे दिया है कि वह कर्म करें।

मन वांछित फल प्राप्त कर ले व्यक्ति को समरथा प्रदान की है कि वह हर प्राणी के जीवन यापन आवश्यक इंतजाम करें, हर प्राणी के लिए दया का भाव रखते हुए उनके जीवन यापन हेतु अवश्यक इंतजाम करें हर प्राणियों से अपने जीवन को सुलभ बनाने के लिए उनसे सहायता ले तथा ईश्वरीय समायोजन को समझते हुए सांसारिक नीतियों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक प्राणी मात्र के लिए हित साधक योजनाओं का निर्माण करें, जिससे न केवल सामाजिक समरसता बनी रहे अपितु ईश्वरीय विधान का पालन करते हुए वह ईश्वर की सर्वोत्तम संरचना का परिचायक बनते हुए, मानवीय मूल्यों का निर्वहन करते हुए,ईश्वर के प्रति कृतज्ञता जताते हुए तथा संसार की प्रत्येक जड़ व चेतन वस्तुओं का उपभोग करते हुए पिता तुल्य ईश्वर को खुश कर सके उनकी हर संतान ( प्रत्येक जीवात्मा ) के कल्यानार्थ परिस्थितियों का निर्माण करे और ईश्वर यह कहे, कि वह क्या बात है! इस इंसान को मैंने अपना रूप, बुद्धि बल व विवेक अपनी ही तरह दिया और इस इंसान ने इसका भरपूर उपयोग करते हुए सांसारिक नीतियों का निर्वाहन करते हुए मुझे हाजिर–नजर मानते हुए संसार में प्रत्येक प्राणी का कल्याण किया है तथा एक उत्तम जीवन यापन करके एक मर्यादित जीवन जीकर मानवता को अपना धर्म मानते हुए उत्तम जीवन जिया है। दुनिया में इंसान ने अनेक धर्म बनाए हैं, लेकिन सब धर्म का मूल उद्देश्य इंसानियत है अर्थात सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है जिस व्यक्ति में इंसानियत है वही ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है।

जिस व्यक्ति में इंसानियत नहीं उस व्यक्ति का जीवन इंसान से छोड़कर अन्य योनियों के समान है इसलिए व्यक्ति का प्रत्येक कदम इंसानियत की तरफ होना चाहिए, इंसानियत से विमुख नहीं। यही मनुष्य जीवन की सार्थकता, धर्म व कर्तव्य है। यह सब बातें यही दर्शाती हैं कि मनुष्य जीवन सबसे श्रेष्ठ जीवन है। मनुष्य को भगवान ने सुंदर शरीर दिया है, मीठी वाणी बोलने के लिए मुख दिया है, संसार का सुंदरतम स्थान देखने के लिए आंख दी है और अन्य सब प्राणियों से अलग एक चीज ज्ञान दिया है जिससे सोच, समझ और बोध विकसित करके मनुष्य सब प्राणियों का संरक्षण,उपयोग व भरण–पोषण करता है। संसार में भगवान ने मनुष्य के अलावा ये सभी शक्तियां किसी को भी नहीं प्रदान की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पर्यावरण के रक्षक हमारे पेड़–पौधे



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

आज विश्व भर में त्राहि त्राहि और हाय तौबा मची है। कहीं जंगल धधक रहे हैं, कहीं समुद्री तूफानों व जलजलों की तबाही है, कहीं भारी बाढ़ का कैहर मचा है। गाड़ियां, घर, मकान बहे जा रहे हैं, बादल फट रहे हैं, पहाड़ खिसक रहे हैं।

लोग मकान सब मलबे में दब रहे हैं, कहीं भूचाल तो कहीं ज्वालामुखी कैहर ढह रहे हैं। कहीं पड़ोसी देशों की आपसी लड़ाइयों से तबाही के मंजर साथ ही साथ कई प्रकार के दूषित पदार्थ व गैसे, समस्त जैव जगत को अपने करूर पंजों में जकड़े जा रहे हैं। इस तरह ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हमारा विकास ही हमारे विनाश का कारण बन चुका है। इसलिए प्रगति और विकास के साथ ही साथ मानवतावादी ,सामाजिक मूल्यों की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम एक सुंदर आदर्शवादी, प्राकृतिक व अध्यात्मवादी परिस्थितिक तंत्र का गठन कर सकते हैं। हम अक्सर हर मौसम में, जैसे कि सर्दी का मौसम आता है तो कहते हैं , इस बार तो अत्यधिक ठंड है, बहुत ठंडी हवा है, धुंध बहुत पड़ने लगी है, पानी बहुत ही ठंडा है आदि आदि। फिर जब गर्मी पड़ती है तो कहते हैं इस बार तो गर्मी ने हद ही कर रखी है, हवा तो बिलकुल चलती ही नहीं, पानी की भी किल्लत हो रही है और बिजली का तो पूछो ही नहीं, सारा सारा दिन पसीना पोंछते रह जाते हैं।

ऐसे ही जब बरसात आती है तो कहते हैं, इस बार तो बारिश ने, न ही करवा रखी है। कितनी जगह तो बादल फट चुके हैं, पहाड़ खिसक रहे हैं, सड़के टूट रही हैं, कितने ही मकान मलबे के साथ नदी नालों में बह गए और न जाने कितने लोग अपनी जान गवां बैठे, कितने बेचारे बाढ़ साथ बह गए, किसे खबर है! इन सभी के साथ ही साथ कई प्रकार की अन्य प्राकृतिक आपदाओं ,आंधी तूफानों, जलजलों, भूकंपों, ज्वालामुखियों के फटने,जंगलों के जलने, सड़क हादसों व अन्य ऐसे कई तरह के विनाशों से भी भारी जान माल की हानि अक्सर देखने को मिल ही जाती है, लेकिन आज के इस विकासशील वैज्ञानिक युग में विकास को विराम तो नहीं दिया जा सकता न, यह तो ऐसे ही चलता रहेगा, हां हमें अपनी सोच बदलनी होगी। विकास के साथ आगे बढ़ते रहने, लम्बे व खुशहाल जीवन के लिए अपने पारिस्थितिक तंत्र को हरा भरा बनाए रखना होगा।



पेड़ पौधे जहां हमें ऑक्सीजन देकर हमारे जीवन को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाने हैं ,वहीं मौसम में बदलाव लाने ,वर्षा लाने,अपनी जड़ों द्वारा मिट्टी को बहने से रोकने,ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव को कम करने तथा ताप में होने वाली वृद्धि को घटाने भी हैं। यही पेड़ पौधे समुद्रों के पानी की वृद्धि रोकने में भी अपनी विशेष भूमिका निभाते हैं। वातावरण में जब जब जरूरत से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड हो जाती है तो उसे भी यही पेड़ पौधे अवशोषित कर लेते हैं। जिससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने से बच जाता है। पेड़ों के अधिक होने या इनकी संख्या के बढ़ने से, हमारे जीव जंतुओं की संख्या के साथ ही साथ उनकी विविधता में भी वृद्धि होती है।

आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां विश्व के तापमान में 1 . 2 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि हो चुकी है, जिससे ग्लेशियरों के पिघलने की दर में वृद्धि ही हो रही है। इसलिए आज की प्राथमिक आवश्यकता अपने पर्यावरण को बचाने की ही बनती है जिसके लिए समस्त विश्व को मिलजुल कर आगे आना होगा तथा पेड़ पौधों को हर पर्व व त्योहार के अवसर पर रोप कर इस परंपरा को अपनाना होगा। तभी हम इस ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से मुक्ति पा सकते हैं और अपनी अमूल्य संपदा व खुद को बचा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** के क्षेत्रफल की वजह से काम करने की क्षमता रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या भी खड़ी हो जाती है। इस बड़ी संख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या की वजह से यह समस्या भविष्य में एक विकराल रूप ले सकती है। रोजगार की कमी आर्थिक असमानता और गरीबी को बढ़ाने का काम काम कर सकते हैं। जिससे सामाजिक अशांति फैल सकती है। एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि समय के साथ जितने लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। भारत में बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। **वरुण, धर्मशाला**

# हिमाचल प्रदेश में शिक्षा का 21वां स्थान, चिंताएं और समाधान



लेखक : सिकन्दर बंसल
शिक्षक (रामपुर बुशैहर)

शिक्षा किसी भी राज्य की प्रगति का आधार है। जब किसी राज्य की शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है, तो इसका सीधा असर वहां के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास पर पड़ता है, लेकिन यह स्थिति बदली जा सकती है। उचित नीतियां, सामूहिक प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में पीछे से शीर्ष तक लाया जा सकता है। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश, जिसे कभी देश के अग्रणी शिक्षित राज्यों में गिना जाता था, का शिक्षा स्तर 21वें स्थान पर खिसकना वास्तव में चिंताजनक है। यह स्थिति न केवल राज्य के शैक्षिक ढांचे की कमजोरियों को उजागर करती है, बल्कि प्रदेश की समग्र प्रगति के लिए भी एक बड़ा खतरा बन सकती है। यह समय है कि इस गिरावट के कारणों को पहचाना जाए और उन्हें सटीक सुधारात्मक कदमों के माध्यम से दूर किया जाए। शिक्षा की प्राथमिकता तय करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक संकल्प होना बहुत जरूरी है। राज्य सरकार को शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। इसके लिए बजट में शिक्षा के लिए अधिक आवंटन सुनिश्चित करना होगा।

साथ ही यह लक्ष्य निर्धारण हो कि राज्य को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में सुधार के लिए ठोस और समयबद्ध लक्ष्य तय करने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की नियुक्ति और प्रशिक्षण हेतु योग्य शिक्षकों की भर्ती हो।शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता और योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नई–नई शिक्षण पद्धतियों और तकनीकों का प्रशिक्षण देना जरूरी है। माननीय शिक्षा सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार श्री राजेश कंवर का एक स्वागतमय वक्तव्य है कि हिमाचल प्रदेश के हर स्कूल में पुस्तकालय और जिम जैसी वर्तमान आधारभूत सुविधा होनी चाहिए। अगर बुनियादी ढांचे का सुधार करना हो तो सबसे पहले है, स्कूलों की स्थिति को सुधारना।



हर स्कूल में पक्की इमारत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, पुस्तकालय और विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सुविधाएं होनी चाहिए। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण आवश्यक है। डिजिटल शिक्षा का प्रसार भी होना चाहिए।

डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना, छात्रों और शिक्षकों को टैबलेट, लैपटॉप या अन्य डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति ( 2020) को प्रभावी कार्यान्वयन हेतु इसके तहत कौशल विकास, मूल्य आधारित शिक्षा और मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए। स्कूल ड्रॉपआउट और पलायन को रोकना आज एक चुनौती भी है। मूल्यांकन सुधार हेतु रटने की बजाय व्यवहारिक शिक्षा और कौशल आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू की जाए। परख कार्यक्रम भारत की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने की एक कोशिश है। यह छात्रों की क्षमताओं को सही तरीके से आंकने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिक्षा में सुधार न केवल राज्य की प्रगति को तेज करेगा, बल्कि वहां के नागरिकों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा का स्तर गिरना न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी एक बड़ा खतरा है। यह समस्या तत्काल ध्यान और सुधारात्मक उपायों की मांग करती है। यदि शिक्षकों, अभिभावकों, सरकार और छात्रों का समन्वय हो, तो हिमाचल प्रदेश अपने पुराने गौरव को पुन: प्राप्त कर सकता है और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**अच्छा** डिस्प्ले, ले आउट और कंटेंट ही अखबार की आत्मा होती है। अनंत ज्ञान में इन बातों का समावेश मिलता है। सोशल मीडिया के स्पर्धात्मक दौर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रिंट मीडिया में पदार्पण कर साहसिक पहल की है। एक वर्ष की अवधि में ही पाठक अखबार को गंभीरता से लेने लगे हैं। पाठकों को त्वरित और सटीक जानकारी देना ही पत्रकारिता का धर्म है। एडिटोरियल स्टाफ को पाठकों की रुचि के मुताबिक आमूलचूल सुधार की जरूरत है। अनंत ज्ञान के माध्यम से पाठकों को देश–विदेश की त्वरित जानकारियों के अलावा धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी तक समय पर पहुंच रही है।



**दिनेश कुमार कश्यप**
**सोलन**
**मोबाइल 94180–96099**

**मैं** जिला ऊना के टक्का ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। हमारा क्षेत्र लगभग मैदानी और समतल है। महोदय, हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। आलू और गेहूं की प्रमुख होती है। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते नारी, डंगेहड़ा कोटला कलां, कुरियाला पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय, लावारिस बैलों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। बिजली का लोड कम होना भी एक प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो बसाल, टक्का, रायसरी से झलेड़ा आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**देवेंद्र शर्मा ( टक्का ऊना )**
**मोबाइल 98059–49401**

**मैं** यतिन पंडित जिला कुल्लू के सुल्तानपुर का स्थायी निवासी हूं। महोदय, हमारे कुल्लू जिला मुख्यालय और साथ लगते सभी क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या एक गंभीर और चिंताजनक समस्या का रूप ले चुकी है। काफी समय से शहर में बेसहारा पशु सड़कों की खाक छानने को मजबूर हैं और खाने की तलाश में सड़कों और तंग गलियों में लगातार घूमते रहते हैं, जिस कारण आम लोगों को इन पशुओं से चोट लगने का खतरा बना रहता है। इसी तरह से पिछले एक दो सालों से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या सभी के लिए चिंता का विषय बन चुका है। पिछले साल की भांति इस साल भी बहुत से लोग इन आवारा कुत्तों के काटने से जख्मी हो चुके हैं, लेकिन इस बारे में जिला प्रशासन की ओर से कोई भी उचित कदम अमल में नहीं लाया जा सका है और जिस रफ्तार से इन कुत्तों की संख्या बढ़ रही है वो बहुत चिंताजनक है। मुझे इस बात की खुशी है कि आपके समाचार पत्र में समाज से जुड़ी इस तरह की समस्याओं को अक्सर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जाता है, इसलिए मेरा अनंत ज्ञान परिवार से आग्रह है कि आगे भी इस तरह की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित कर प्रशासन तक पहुंचाने की कृपा करें, धन्यवाद।



**यतिन पंडित**
**सुल्तानपुर ( कुल्लू )**
**मोबाइल 98057–66799**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी मुक्त भारत बनाने की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर में एंटी टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सुंदरनगर जोन के अध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश पवार ने शिरकत की। इस आयोजन में ड्रग हेडक्वार्टर सुंदरनगर की ड्रग इंस्पेक्टर रीना चौहान और राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग दिल्ली एंटी टीवी के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर श्रेयसी ने बतौर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सीनियर फार्मासिस्ट जो लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्हें भी अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। ब्रह्मदास चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार टीबी बीमारी से पीड़ित लोगों को निःशुल्क निदान, निशुल्क दवाइयां और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस शिविर में बीएमओ रोहांडा डॉक्टर अविनाश एवं दिल्ली से आए कोऑर्डिनेटर डॉक्टर श्रेयसी ने टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई।

### किसानों की मेहनत से सूखे में भी लहलहाती फसलें



**भीम बसेड़ू, महादेव।** सूखे का भयावह कहर बरपने से एवं धुंध-स्मॉग की चादर कुछ ज्यादा ही फैलने से आमतौर पर जिंदगी प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य नरम पड़ रहा है और कृषक परिवार इन विपरीत परिस्थितियों में अपनी रोजी-रोटी के जुगाड़ को लेकर चिंतित दिख रहे हैं, क्योंकि प्राकृतिक मदद अभी तक मैदानी व पहाड़ी इलाकों में नदारद है। भले ही ग्लोबल वार्मिंग से मौसम चक्र बदलने की बातें खूब की जा रही हैं ऐसे हालातों में भी हिम्मत न हारने वाले एक बड़े भाग से संबंधित कठोर मेहनती लोगों ने रबी संबंधी फसलों तथा नकदी फसलों को समय रहते नमी का बेहद अग्रिम मौका संभालते हुए बहुत ही अच्छा दांव लगाया और तमाम बोआई कर दी, जिससे जहां खासतौर पर गेहूं की फसल लहलहाती नजर आ रही है। वहीं नकदी फसलों से बढ़िया भरण-पोषण होने सहित व्यावसायिक तौर पर भी अच्छी आमदनी हो रही है। गौरतलब है कि सूखे की स्थिति लंबी हो चली है ऐसे में दैवी शक्तियों में विश्वास रखने वाले देवभूमि के पहाड़ी लोग पूजा-अर्चना के दृष्टिगत हाथ जोड़कर भीगे -भीगे मौसम यानि वर्षा देने के लिए मंडी जिला के आराध्य देवों की शरण में भी गए हैं।

### देश का उज्ज्वल भविष्य युवाओं पर टिका है : पूनम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरल में अपना विद्यालय दी हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने की। बता दें कि सीडीपीओ पूनम चौहान ने अपना विद्यालय दी हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत निहरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरल को गोद लिया है। उन्होंने युवा स्कूली विद्यार्थियों को किशोरावस्था स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, करियर काउंसलिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक तथा नशा मुक्ति विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। पूनम चौहान ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य युवाओं पर टिका है और युवा पीढ़ी ही अधिकतर नशे की चपेट में आ रही है। नशा मुक्त अभियान का उद्देश्य नशे से जुड़ी हर समस्या को रोकना और नशे के खिलाफ आंदोलन को बढ़ावा देना है।

### जोगिंद्रनगर में आज होंगे ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) साहिल धर्वानी की देखरेख में 100 से अधिक गाड़ियों की पासिंग की गई। यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चली। पासिंग के दौरान निजी स्कूल बसों की विशेष जांच की गई, जिसमें उनकी सुरक्षा और अन्य मानकों को परखा गया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष चौधरी ने भी पासिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। एमवीआई साहिल धर्वानी ने बताया कि मंगलवार को डोहग स्कूल मैदान में ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू होगी।

### दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र किए वितरित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमंडल स्तर का दो दिवसीय रेडक्रॉस मेला सोमवार को कंसाचौक में संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने की। प्रकाश चौधरी ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी, मानवतावादी गतिविधियों को प्रोत्साहित करती है और मानव पीड़ा को कम करती है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी द्वारा आपदाओं और आपातकाल के समय लोगों को राहत प्रदान करने में मदद करती है। इसके अतिरिक्त सोसाइटी द्वारा कमजोर लोगों और समुदायों के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने साधन संपन्न लोगों से आह्वान किया कि वह रेडक्रास सोसाइटी में अधिक से अधिक अंशदान दें, ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके। प्रकाश चौधरी ने मेले में विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को व्हील चेयर व श्रवण यंत्र भी वितरित किए।

### रैंकिंग टीम ने किया सरकाघाट कॉलेज का दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सोमवार को राज्य स्तर पर रैंकिंग के लिए गठित कॉलेज की आंतरिक रैंकिंग टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व राजकीय महाविद्यालय लडभडोल के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने किया। कमेटी ने सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के सत्यापन के लिए जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं और महाविद्यालय की उपलब्धियों का आकलन किया। इसके अलावा कॉलेज के विभिन्न विभागों और क्लबों की गतिविधियों के रिकॉर्ड का भी निरीक्षण एवं सत्यापन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल और शिक्षक वर्ग ने निरीक्षण टीम का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत प्रदेश के महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से कॉलेजों की सेल्फ असेसमेंट की जा रही है। महाविद्यालयों को एक दूसरे के द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों से सीखने को मिलेगा जिससे शिक्षा और संस्थान के विकास को बल मिलेगा। उन्होने महाविद्यालय को बेहतर रैंकिंग मिलने की उम्मीद जताई।

### महादेव स्कूल सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए सम्मानित



**आदर्श, नेरचौक।** दी बल्ह वैली अकृषि ऋण व बचत सहकारी सीमित डडौर तहसील बल्ह, जिला मंडी ने सहकारिता विभाग के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महादेव स्कूल की सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया। समिति के चेयरमैन देवी रूप सैनी ने बताया कि रविवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सीसे महादेव स्कूल छात्र छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। समिति के चेयरमैन ने अपने आप स्कूल में जाकर यह राशि स्कूल के प्रधानाचार्य को दी।

# ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया ने मारे थे 9 आतंकी



**अनिल शर्मा, मंडी**

26/11 को आतंकी हमले से मुंबई दहल उठी, देश सहम गया, पूरी दुनिया की निगाहें मुंबई पर केंद्रित हो गई। मुझे तत्काल मुंबई पहुंचने का संदेश मिला। मैं उसी क्षण हवाई जहाज द्वारा दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना हो गया और वहां पहुंच कर ऑपरेशन की तैयारियां शुरू की।

यह बात ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो के कमांडर ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया ने '**अनंत ज्ञान**' के साथ विशेष वार्ता में कही। 26/11 के कमांडो ऑपरेशन को लीड करने वाले रियल हीरो ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह एक चुनौती थी कि कोई निर्दोष न मारा जाए, सबकी सुरक्षा करते हुए आतंकवादियों का सफाया करना था। देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में पाकिस्तान से आए 10 आतंकवादियों ने एक साथ तीनों जगह पर हमला कर दिया।

होटल ताज, होटल ओबराय व नरीमन हाउस में कितने आतंकवादी हैं और कितने लोग बंधक हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं थी। एनएसजी ने पुलिस और नेवी के कमांडो से होटल ताज को टेकओवर कर ऑपरेशन शुरू कर दिया, ताज में लगभग 800 कमरे थे और सब कमरों को चैक कर विस्फोटक पदार्थ की तलाश करना और हर फ्लोर को कंट्रोल में लेना एक बड़ी चुनौती थी। ऑपरेशन के दौरान जैसे ही फायर हुआ आतंकवादी भाग कर छुप गए, गोलाबारी में मेजर उन्नीकृष्णन शहीद हो गए।(अनंत ज्ञान)

**26/11 विशेष**



### एनएसजी ने मारे थे 8 आतंकी

**सिसौदिया** ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में आतंकियों ने ग्रेनेड से लिफ्ट और सीढ़ियां तोड़ डाली थी, इसलिए कमांडो हेलिकॉप्टर से होटल की छत पर उतारे गए।

गोलाबारी में देहरादून के हवलदार गजेंद्र सिंह बिष्ट शहीद हो गए। फ्लोर की तलाशी लेने पर एनएसजी के कमांडो ने एक बार में चार आतंकवादियों को मारा। होटल ओबराय में 2 आतंकी मारे गए। 10 आतंकवादियों में से 8 एनएसजी ने और एक पुलिस ने मार गिराया तथा एक जिंदा पकड़ा गया।

### 26/11 के बाद मजबूत हुआ है भारत

**ब्रगेडियर** गोविंद सिंह सिसौदिया ने बताया कि जिंदा पकड़े अजमल कसाब से पूछताछ की गई। वह चार कक्षा तक पढ़ा था, लेकिन उसका दिमाग बहुत तेज था। 11 महीने पाक में ट्रेनिंग लेकर वह आतंकी बना था। इसके सबूत पाक को उपलब्ध करवाए, लेकिन पाक नहीं माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पाक की बात नहीं मानी और पाक को अपने देश में कार्रवाई करनी पड़ी। पाक भारत के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा था आज वह अपने पाले अजगरों की कुंडली में फंस कर खुद ही बर्बाद हो रहा है। 26/11 के हमले के बाद भारत बहुत स्ट्रांग हो गया।

### ऑपरेशन में दो बार घायल भी हुए सिसोदिया

**चंबा** में जन्मे सिसोदिया ने मंडी के विजय हाई स्कूल मंडी में हुई, तदोपरांत पीयूसी गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज मंडी से किया। 1974 में एसडीबी कॉलेज शिमला से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर भारतीय सैन्य अकादमी में शामिल हो गए। सिसोदिया को श्रीलंका, जम्मू-कश्मीर और मुंबई 26/11 में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तीन बार वीरता पुरस्कार, विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। ऑपरेशन में दो बार घायल भी हुए हैं। सेना के अलावा उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ब्लैक कैट कमांडो के साथ भी काम किया। वह राष्ट्रमंडल खेल सुरक्षा का भी हिस्सा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सुरक्षा सलाहकार के रूप में बीसीसीआई के साथ काम किया है।

### मंडी से भावनात्मक लगाव

**सिसोदिया** ने बताया जिस दिन मैं मुंबई पहुंचा तो मैंने अपनी धर्मपत्नी को नहीं बताया था। टीवी पर चली न्यूज को देखकर दोस्तों ने उसको फोन कर बताया कि सिसोदिया मुंबई कब गए, इसके बाद कभी न्यूज चैनल नहीं देखती थी, लेकिन उसके बाद से पूरा दिन न्यूज ही देखी। छोटी काशी मंडी से मेरा भावनात्मक लगाव है। यहां का विजय हाई स्कूल और अनिल शर्मा, अजय सहगल सहित बहुत से मित्र हैं, जो समाज सेवा में लगे हुए है। सिसौदिया अब देहरादून में निवास स्थान बना चुके हैं।

# सुंदरनगर में चंडीगढ़–मनाली हाईवे पर कार चालक की दबंगई

## शिकायतकर्ता को कुचलने का प्रयास, जानलेवा हमले की कोशिश, वीडियो वायरल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

चंडीगढ़–मनाली हाईवे पर मंडी जिला के सुंदरनगर में बीच सड़क पर एक अज्ञात कार चालक की दबंगई का मामला पेश आया है। वहीं देर रात पेश आए इस हैरान कर देने वाले मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

हैरानी की बात यह है कि आरोपी की दबंगई इतने तक ही समाप्त नहीं हुई और कार चालक ने शिकायतकर्ता को अपनी गाड़ी से कुचलने का प्रयास कर जानलेवा हमला भी किया। शिकायतकर्ता पंकज सैनी पुत्र तेज लाल सैनी गांव चांगर कॉलोनी नजदीक नरेश चौक तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने कार चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अपने दोस्त के साथ चंडीगढ़ से वापिस अपने घर सुंदरनगर के नरेश चौक आ रहा था। इस दौरान रात करीब पौने एक बजे जब वे नरेश चौक के समीप पहुंचे तो उन्होंने अपनी गाड़ी को घर की ओर मोड़ने के लिए नेशनल हाईवे के किनारे रोका।





चंडीगढ़–मनाली हाईवे पर हुई घटना सीसीटीवी में कैद।

इस दौरान एक धनोटू की ओर से आ रहे एक कार चालक ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। जब शिकायतकर्ता ने सफेद रंग कार के चालक को आगे से हटने के लिए कहा तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज पर उतर आया तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। कुछ देर बाद उसने थोड़ा आगे जाकर अपनी गाड़ी मोड़ी और मौके पर वापिस मौके पर आकर अपनी गाड़ी के साथ दो-तीन बार कुचलने का प्रयास कर जानलेवा हमला भी किया। शिकायतकर्ता ने कहा कि कार चालक से जान को भी खतरा बना हुआ है। पंकज सैनी ने कहा कि कार चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।(अनंत ज्ञान)

> मामला संज्ञान में आया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मामले के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच जारी है।
> **–भारत भूषण, डीएसपी, सुंदरनगर।**

### 70 वर्षीय बुजुर्ग से 24.73 ग्राम चरस बरामद

**मंडी।** पुलिस थाना धर्मपुर टीम ने एक चाय की दुकान की तलाशी के दौरान शिव मंदिर कांडापतन के सामने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के कब्जे से 24.73 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मपुर की टीम पेट्रोलिंग के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने शिव मंदिर कांडापतन के सामने हरीराम(70) पुत्र लाला राम गांव चकियाणा डाकघर कोट तहसील और थाना धर्मपुर जिला मंडी की चाय की दुकान की तलाशी में कब्जे से 24.73 ग्राम चरस बरामद की है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## सद्गुरु श्री आश्रम दाण में 18 लोगों ने किया रक्तदान



आयोजक व प्रतिभागी मुख्यातिथि के साथ समूह चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदगुरु श्री आश्रम दाण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवा इंटक के जिलाध्यक्ष अंकुश मोहन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हूए। शिविर में कुल 18 लोगों ने रक्तदान किया।

मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविरों का आयोजन हर श्रेत्रों में होना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को भी इस बारे प्रेरित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में संत कबीर के जीवन गाथा पर भी परिचय कराया कि उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों से बचने और मानव सेवा करने के भाव से पहल की थी जो कि आज समाज में भी लागू होनी चाहिए।

### क्रॉसिंग पर कार और कैंटर की भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नागचला कीरतपुर फोरलेन पर नागचला नेरचौक क्रासिंग पर एक इनोवा कार की सुंदरनगर की तरफ से आते हुए मिनी ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी ट्रक सुंदरनगर की तरफ से आ रहा था तभी इनोवा कार मंडी की तरफ से आई और नेरचौक की तरफ जाने के लिए जैसे ही क्रॉसिंग से गुजरी तभी पीछे से आते हुए मिनी ट्रक से टकरा गई। मिनी ट्रक की टक्कर से कार पलटा खाकर पैरापिट के ऊपर पलट गई। पुलिस कर्मियों ने कार्रवाई हेतु दोनों पक्षों के बयान कलमबद्ध कर लिए हैं।

### गौशाला निर्माण को समिति ने मांगी जमीन

**मंडी।** जिला पशु अत्याचार निवारण समिति कि वित्त सचिव तथा भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मनोनीत प्रतिनिधि सीताराम वर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से सहकारिता दिवस समारोह के दौरान भेंट की। उन्होंने बल्ह में गौशाला निर्माण हेतु जमीन मुहैया करवाने हेतु जिला प्रशासन को निर्देश देने की गुहार लगाई। डडोर पुल के पास दस बीघा, सोयरा पंचायत के लस्सी का पद्धर के पास 18 बीघा तथा स्योहली पंचायत में दर्जनों बीघा जमीन उपलब्ध है। उपायुक्त व पशुपालन विभाग संयुक्त रूप में इन जगहों का निरीक्षण कर रिपोर्ट सरकार को शीघ्र प्रस्तुत करें।

### किसान–बागवान आयोग का हो गठन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल किसान यूनियन का शिष्ट मंडल प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा व उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से सहकारिता दिवस समारोह के मौके पर तरोट (कनैड) में मिला। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

यूनियन द्वारा प्रमुखता से यह मांग उठाई गई की धनोटू विकास खंड की को पंचायत के रठोहा गांव के चार अनुसूचित जाति के परिवारों परमाराम आदि की सतलुज नहर निर्माण के समय 35-40 बीघा भूमि अधिग्रहित की गई थी। इसके बदले में दी गई भूमि का इंतकाल अभी तक नहीं हुआ है। यही नहीं यह परिवार 50 वर्षों से इस मामले में घूम रहा है। ऐसे में मांग की गई कि तहसीलदार बल्ह को सभी औपचारिकताएं पूरी करके एसडीएम के माध्यम से मामला उपायुक्त को विस्थापितों के पक्ष में इंतकाल करवाया जाए।

कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल किसान बागवान आयोग का गठन शीघ्र करने, सहकारी सभाओं में कार्यरत कर्मचारियों को बिना परीक्षा दिए लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु 30 प्रतिशत कोटा देने की मांग की गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उप मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञापन पर कर्रवाई करने का भरोसा दिया गया है।

### मानवता की सेवा का उत्सव हैं रेडक्रॉस मेले : रोहित

**सुनील शर्मा, गोहर**

उपमंडल गोहर के मेला मैदान में उपमंडल स्तरीय रैडक्रॉस मेला सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस मेला मानवता की सेवा का उत्सव है। रेडक्रॉस मेले के आयोजन का ध्येय लोगों को रेडक्रॉस के उद्देश्यों, सेवा व सहयोग की भावना से अवगत करवाना व इन्हें बढ़ावा देना है, ताकि लोग पर चढ़कर रेडक्रॉस के कार्यों में शामिल हो सकें और मानवता की सेवा में कार्य करें। उन्होंने कहा रेडक्रॉस दुनिया भर में आपातकाल की स्थिति में सेवा कार्य करता रहा है। रेड क्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जाती हैं।





मेले के दौरान जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी व अन्य।

इस अवसर पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट ने कहा कि रेड क्रॉस मेला 'नशा मुक्त गोहर स्वस्थ गोहर' थीम पर आधारित किया गया है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना भी इसका उद्देश्य है।

कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा विभागीय प्रदर्शनियों व महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह के द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित रक्तदान शिविर में 11 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बर्फ बाधित क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं की बहाली के लिए सतर्क रहें विभाग : एसडीएम

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



बर्फ से बाधित होने वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के दौरान मूलभूत सुविधाओं की बहाली को लेकर सभी विभाग सतर्क रहें और इस दौरान के लिए अपनी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें।

यह बात एसडीएम बालीचौकी देवी राम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में कही। उपमंडल की कई पंचायतें सर्दियों के मौसम में भारी बर्फ से प्रभावित होती हैं और ऐसे में लोगों को सुविधाओं से न जुझना पड़े, इसके लिए संबंधित विभाग अग्रिम तैयारियां कर लें। उन्होंने बैठक में शामिल खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को ऊंचे क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए 5 मास के राशन के कोटे को आवंटित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सर्दियों के दौरान बर्फ से बाधित रहने वाले क्षेत्रों मे यातायात, संचार, बिजली एवं पेयजल की आपूर्ति को नियमित बनाए रखने के लिए सम्बन्धित विभागों से न केवल सुझाव मांगे बल्कि निर्देश भी दिए कि बर्फबारी के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### प्रस्तावित नगर पंचायत संधोल, बलद्वाड़ा व धर्मपुर में शामिल क्षेत्रों पर आक्षेप आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि शहरी विकास विभाग द्वारा संधोल, बलद्वाड़ा तथा धर्मपुर के बेहतर विकास और सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए नगर पंचायत के रूप में वर्गीकृत किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत संधोल में क्षेत्र के कच्छाली, दतवाड़, लसराना तथा संधोल मुहाल को शामिल किया जा रहा है, जबकि नगर पंचायत बलद्वाड़ा में मुहाल बलद्वाड़ा, जमनौन, मटोखर, करनी, खनोट, हरलयान, पध्यान, जंजयानी तथा फतोह सम्मिलित किए जा रहे हैं। इसी तरह धर्मपुर नगर पंचायत क्षेत्र में मुहाल धर्मपुर, बनवार कलां, छपानु, बरदान तथा कलसवाई शामिल किए जाने प्रस्तावित हैं।

रोहित ने बताया कि नगर पंचायत संधोल, बलद्वाड़ा तथा धर्मपुर में शामिल किए जा रहे गांवों के निवासियों को इस बारे में कोई आपत्ति हो तो उन्हें इस अधिसूचना को राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर लिखित शिकायत प्रेषित करनी होगी।

### कुश्ती प्रतियोगिता में बिलासपुर के नाम रहा आल राउंड बेस्ट का खिताब

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में बिलासपुर ने आल राउंड बेस्ट का खिताब जीता है। इसमें सोलन जिला दूसरे स्थान पर रहा है।

इस प्रतियोगिता के सभी स्वर्ण पदक विजेता छह से आठ दिसंबर तक बेंगलुरू में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय वरिष्ठ कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी इसके बाद 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में होने वाली राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के समापन समारोह पर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



प्रतियोगिता के महिला वर्ग में 50 किलोग्राम वर्ग में हमीरपुर की रीतिका, 53 किलोग्राम में मंडी की बनिता, आदि ने स्वर्ण पदक जीता है।

वहीं लड़कों के वर्ग में 57 किलो में बिलासपुर के शुभम, 61 किलो में बिलासपुर के विजय, 65 किलो में सोलन के बलराम आदि ने स्वर्ण पदक जीता है।

### उपलब्धि: सीमा व डॉ. रेखा को कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी परिषद की मिली सदस्यता

# उपमुख्यमंत्री का आभार स्वरूप किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

रंगमंच को जीवन को समर्पित करने वाली मंडी जिला की रंगकर्मी सीमा शर्मा व मंडी के खलियार की लेखिका और कवयित्री डॉ. रेखा वशिष्ठ सेवानिवृत्त प्रिंसीपल को हाल ही में हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी की कार्यकारी परिषद की सदस्यता प्रदान की गई है।

इन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री जिनके पास भाषा एवं संस्कृति विभाग भी है का धन्यवाद किया है। सीमा शर्मा का कहना है कि जिस तरह से संगीत के सुर साधने में राग मधुर हो जाता है, उसी तरह जीवन रूपी संगीत में भी सुर लग जाए तो हम निश्चित रूप से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ पाते हैं। उन्होंने अकादमी की सदस्यता के लिए राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री एवं सचिव भाषा संस्कृति राकेश कंवर का आभार जताया है।



उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करती हुईं सीमा शर्मा व डॉ. रेखा ।

### सीमा ने अपना जीवन रंगकर्म को किया समर्पित

**सीमा** शर्मा का जन्म मंडी हिमाचल प्रदेश में हुआ। अपनी स्नातक की उपाधि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से प्राप्त की। एमए की उपाधि समाजशास्त्र में लखनऊ विश्वविद्यालय से तथा बीएड अन्नामलाई विश्वविद्यालय से करने के बावजूद अपना जीवन रंगकर्म को समर्पित कर दिया। सीमा शर्मा ने बताया कि स्कूली दिनों में संगीत में विशेष रूचि थी। आठवीं कक्षा में बेस्ट एक्ट्रेस के अवार्ड से सम्मानित होना एक प्रेरणा बनी अभिनय के क्षेत्र में आने के लिए। उन्होंने सोफोक्लीज द्वारा लिखित नाटकों सहित अन्य कहानियों मे अभिनय किया है।

इसके अलावा वर्ष 1987 88 से मंडी शहर में सुचारू रूप से बाल नाटक कार्यशाला का निर्देशन। शिक्षा से जुड़े हुए संस्थानों में शिक्षाप्रद नाटकों व नुक्कड़ नाटकों का लेखन व निर्देशन। लोक कला व संस्कृति पर आधारित नाटकों का लेखन व मंचन जिनमें बाठड़ा, देबकू जिंदू, शाह री कंजर, माटी रे खेलणू आदि नाम प्रमुख है। रंगमंचीय विचार विमर्श अभिनय केलिए पठन-पाठन एवं अभिनय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर कार्य और पिछले 30 वर्षो शिक्षा में रंगमंच के महत्व को लेकर बाल नाट्य कार्यशाला का निर्देशन किया।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हर वर्ष हिमाचल दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सिविल सेवा, प्रेरणा स्त्रोत्र सम्मान तथा हिमाचल गौरव पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

राज्य स्तरीय समारोह में इन पुरस्कारों को प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए इच्छुक अधिकारी/ कर्मचारी अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर दस्तावेजों सहित 31 दिसम्बर तक सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को अपने आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट डब्लयू डब्लयू डब्लयू डॉट हिमाचल डाटएन आईसीडाटइन/जीएडी पर उपलब्ध हैं।

### 25 दिसंबर को श्री राजपूत सभा मंडी मनाएगी स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक में भाग लेने के दौरान कार्यकारिणी के सदस्य।

श्री राजपूत सभा मंडी कार्यकारिणी की बैठक राजपूत भवन जेल रोड मंडी में जिला प्रधान डॉक्टर अमर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में हुई।

सर्वसम्मति से राजपूत सभा की महिला और युवा विंग को गठित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ अन्य जिला और राज्य स्तर की राजपूत संस्थाओं के साथ मिल कर अपने लक्ष्यों को पूरा किया जाए। सभा में श्री राजपूत सभा मंडी का स्थापना समारोह 25 दिसंबर को मनाया जाएगा, उस पर विशेष चर्चा हुई।

सभा के सचिव करतार राणा, उप प्रधान सिंह राणा, बुद्धि सिंह सेन आदि बैठक में मौजूद रहे। विशेष रूप से बैठक में नई गठित इकाइयों के प्रधान कृष्ण कुमार, शास्त्री बलबीर महासचिव, तनुजा उप प्रधान, सूबेदार प्रेम सिंह (रणधाडा), सुरिद्र सिंह, रविंद्र सिंह गुलेरिया (लूनापानी), शेर सिंह (चौंतड़ा), ललित गुलेरिया (केहनवाल), सदर के शमशेर मिनहास, डॉ. जीवानंद, रणपत राणा, रणजीत राणा आदि का बैठक में स्वागत किया गया।

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर लगाया जागरूकता शिविर

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोहग में सोमवार को वृत्त स्तरीय 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्य किरण ठाकुर ने की। शिविर में वृत्त पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने किशोरियों को स्वच्छता, एनीमिया से बचाव और बढ़ती उम्र में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। हिमा देवी ने स्वच्छता पर जोर देते हुए हाथ धोने के सही तरीके बताए और इसके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की।

## न्यूज ब्रीफ

### चौकीमन्यार स्कूल ने मनाया एनसीसी दिवस




**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकीमन्यार स्कूल में एनसीसी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर पाठशाला के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा और एसएमसी प्रधान संजीव कुमार के ने बच्चों को राष्ट्र प्रेम के प्रति जागरूक किया। एनसीसी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि इस मौके पर बच्चों ने स्वच्छता रैली निकाली, स्कूल प्रांगण की सफाई की। इसके अतिरिक्त बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें टैगोर हाउस के विवंश, जैस्मीन, सोनाक्षी, जशन, रणदीप प्रथम स्थान पर, विवेकानन्द हाउस के उदय, जैस्मीन, पंकज, दलजीत, अंजलि दूसरे स्थान पर व लक्ष्मीबाई हाउस के अंशिका, निधि, वंश, अर्णव, लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ अंजू वाला, शर्मिला शर्मा, अश्विनी चौधरी, जतिंद्र कुमार, वरिंदर कुमार, सुरेश कुमार, सुरिंद्र कुमार, संजीव रंगरा, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, सिकंदर सिंह, विजय कुमार, राजेश कुमार, कुसुम लता, सीमा शर्मा, पूजा, सोनिका, उर्मिला, निर्मला, नरेश बीएड प्रशिक्षु अध्यापक व सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### धरूं गांव में शरीफ ने जीता दंगल



**हीना पठानिया, बड़ूही।** उप मंडल बंगाणा की उपतहसील जोल के तहत पड़ती ग्राम पंचायत कठोह के गांव धरूं में रविवार को दंगल मेले का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के पहलवानों ने भाग लिया। मेले में आए लोगों ने कुश्ती देखने का खूब आनंद लिया। दंगल मेला 3 बजे शुरू हुआ व देर शाम करीब 7 बजे तक चला, जिसमें फाइनल कुश्ती मेलेरकोटला शरीफ के नाम रही। विजेता को कमेटी ने पगड़ी व नकद राशि देकर सम्मानित किया व उपविजेता को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमेटी प्रधान राजेश शर्मा, मंगत राम शर्मा, निखिल, संजीव कुमार, राजीव कुमार, पूर्व प्रधान हुस्न लाल, गुरदेव दत्त, ठेकेदार देस राज, गुलशन शर्मा, रत्न चंद, जगदीश चंद, दीपक ठाकुर, अशोक कुमार, मुकेश धीमान, विजय कुमार, राज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### अंब कॉलेज में नशा मुक्ति पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में प्रहरी क्लब द्वारा ब्रह्माकुमारी सेंटर अंब के सहयोग से एकदिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान करवाया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी सेंटर अंब ने ऑडियो-वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी को नशे से बचकर रहना चाहिए । उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से नशे से मुक्त होने के उपाय को सुस्पष्ट किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने भी विद्यार्थियों को कहा कि हमें नशे के विरुद्ध युद्ध छेड़ना चाहिए, जिससे हम अपने जीवन को और अपनी आने वाली पीढ़ी को भी नशे से मुक्त कर सकते हैं। प्रहरी क्लब के संयोजक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के नशे से मुक्त कार्यक्रम महाविद्यालय में जारी रहेंगे। इसमें लगभग 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. सतपाल, प्रो.अमित शर्मा, प्रो. अनय, डॉ. अरुण, डॉ. अजय शर्मा, डॉ.ओम प्रकाश सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक बबलू ने लाभार्थियों को बांटे चेक

## बोले- प्रदेश सरकार निर्धन व जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए हरसंभव सहायता करवा रही उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, अंब**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह अंब में लाभार्थियों को करीब 10.18 लाख रुपए के चेक वितरित किए। बबलू ने विधायक निधि से 4.35 लाख और 16 गरीब परिवारों के संबंधित बेटियों की शादी के लिए 3 लाख 70 हजार रुपए बांटे, साथ ही 20 लाभार्थियों को उनके मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए 1.83 लाख रुपए सहायता राशि के चेक वितरित किए।



विधायक सुदर्शन बबलू लाभार्थियों के साथ

उन्होंने कहा कि निर्धन व जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। उनका यही प्रयास रहा है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी प्रदेश सरकार की योजनाओं लाभान्वित हो सके। बबलू ने कहा कि आज करीब 70 लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए हैं और अगर भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों को किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता होगी तो वह उन्हें जरूर उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने गरीब व जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत ही सालाना 53.21 करोड़ रुपए का बजट आवंटित करने का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित और तलाकशुदा महिलाओं, दिव्यांग अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षा और बेहतरी में मदद करना है। इस योजना के तहत एक लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं, बच्चों और व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, पूर्व प्रधान चुरूड़ू रघुदत्त, संदीप शर्मा, सुभाष चंद बधमाणा, जसवीर सिंह, परविंद्र वर्मा, पार्षद रितेश शर्मा, निशा शर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य अनीता कुमारी, संतोष कुमारी, पूर्व उपप्रधान राज कुमार गौतम, शिवम, अनिल तक्खी, राकेश सोनी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### घुसाड़ा और धर्मपुर में बच्चों को नशे के खिलाफ किया जागरूक, दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुसाड़ा और धर्मपुर में बच्चों को नशे के खिलाफ बच्चों को जागरूक किया गया। रिसोर्स पर्सन पूर्व प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों से कहा कि हमारा शरीर कुदरत ने बनाया है। इसका पालन-पोषण करने और आगे बढ़ाने में भी प्राकृतिक चीजें ही मुख्य भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नशे का व्यापार करने वाले और इस्तेमाल करने वाले बच्चों के सामने नशे की तारीफ बार-बार करते हैं और उन्हें इसे लेने पर मजबूर कर देते हैं। उन्होंने बताया कि आज से 5 या 7 वर्ष बाद आपके माता-पिता को आपने सहारा बनना है, यदि नशा करोगे तो कभी भी आप माता-पिता का ऋण नहीं चुका सकते। यदि किसी को नशे की आदत लग चुकी है तो सबसे पहले उसे अपनी संगति का बदलाव करना होगा, उसके प्राप्त दृढ़ संकल्प तथा मजबूत इच्छा शक्ति महापुरुषों की पुस्तकें पढ़ना आध्यात्मिक बाद का सहारा लेकर भी नशे से बच्चे को दूर किया जा सकता है। धर्मपुर में प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी ने कहा कि जितना हो अपने आप को बुरी समिति से दूर रखकर ही तरक्की का रास्ता साफ हो सकता है।

## हटली स्कूल में चल रहा एनएसएस शिविर संपन्न, स्वयंसेवियों को मिला सम्मान




जानकारी देते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली स्कूल में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह के दौरान मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय स्कूल के प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह ठाकुर रहे।

वहीं, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी स्वयंसेवियों को जागरूक करते हुए बताया कि हमें ऐसे शिविर द्वारा आने वाले दिनों में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें हर काम को इमानदारी व निष्ठा से करना चाहिए। चाहे खेलकूद प्रतियोगिता हो, चाहे पढ़ाई-लिखाई का क्षेत्र हो। जिस काम को इमानदारी और मेहनत से करेंगे, उसका फल जरूर मिलता है, आज नहीं तो कल। वहीं, पर स्कूल के प्रधानाचार्य भूपेंद्र ने सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों की सूची प्रस्तुत की। सात दिन में स्वयंसेवियों द्वारा जो भी अभियान चलाए गए, उनकी रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

इस मौके पर सुशील रिंकू रिवाड़ एवं पवन राणा ने भी स्वयंसेवियों को स्वयंसेवियों को मोटीवेट किया। वहीं, पर इन सात दिनों में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवियों द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक तथा पहाड़ी नाटी सहित अन्य प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष, एनएसएस प्रभारी, सह प्रभारी सहित अन्य स्कूल स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## दलोह में हुई घटना को लेकर हिंदू संगठनों ने रोष जताया

**विवेक शर्मा, अंब**

शनिवार को उपमंडल अंब के दलोह गांव में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा और उसकी पत्नी के साथ जो घटना दलोह में हुई थी, उसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा के घर जाकर उनका हालचाल जाना और घटना की निंदा की।

बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक उदय ठाकुर ने कहा कि यह घटना लैंड जिहाद से जुड़ी है क्योंकि अपनी खड्ड में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा खनन करना और उनको बार-बार मना करने के बावजूद भी वे लोग सुरेंद्र शर्मा की खड्ड से रेत और बजरी उठाते रहे और परसों जब उन्होंने इस बात के लिए उन्हें रोका और थाना में शिकायत की तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की और उनकी पत्नी को भी पीटा ओर दुर्व्यवहार किया।



हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता विचार-विमर्श करते हुए।

प्रांत सहसंयोजक बजरंगदल उदय ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लोग इन हरकतों से बाज आ जाएं नहीं तो ऐसे लोगों को बजरंग दल सबक सिखाएगा। उन्होंने कहा कि हमें प्रशासन से पूरी उम्मीद है कि वह जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलाएगा।

इस दौरान गांव के पूर्व प्रधान सुदर्शन सिंह ठाकुर, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री संदीप शर्मा, विभाग गोरक्षा प्रमुख संजीव चौहान, सहसंयोजक सुरेश सोनी, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद ग्रेड प्रखंड मंत्री हरदेव सिंह, बजरंग दल ग्रेट प्रखंड संयोजक रवि ठाकुर, बजरंग दल कार्यकर्ता केवल कृष्ण पॉल, सौरभ धीमान, लवली ठाकुर, राजेश कुमार, राजू कालू और उनके साथ गांव के लोग भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. राजकुमार को सामान्य परिषद के प्रतिनिधि सदस्य मनोनयन पर ऊना जिले में खुशी की लहर

# शोध कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा : डॉ. राजकुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमंडल बंगाणा के गांव कैहलवीं से संबंध रखने वाले डॉ. राजकुमार को हिमाचल भाषा कला एवं संस्कृति अकादमी की सामान्य परिषद में प्रतिनिधि सदस्य एवं (हिमाचली) भाषा एवं साहित्य विकास स्थायी समिति में 5 वर्षों के लिए बतौर सदस्य मनोनीत किया गया है। सचिव भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग राकेश कंवर द्वारा इस बारे अधिसूचना जारी की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अकादमी के अध्यक्ष तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अकादमी के उपाध्यक्ष एवं सामान्य परिषद के उपाध्यक्ष हैं।



अकादमी कलाकारों, साहित्यकारों और मूर्तिकारों आदि के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाती है, साथ ही हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, कला, संस्कृति और लोक इतिहास से जुड़े विषयों पर शोध कार्य को प्रोत्साहित करती है। इसके लिए सामान्य परिषद में प्रत्येक जिला से एक-एक प्रतिनिधि का मनोनयन किया जाता है, साथ ही साहित्य विकास समिति के सदस्यों का भी चयन किया जाता है। प्रदेश स्तर की दोनों महत्वपूर्ण समितियों में विगत 18 वर्षों से इतिहास, शिक्षा और लेखन कार्य में निरंतर योगदान देने वाले डॉ. राजकुमार के मनोनयन पर जिला ऊना के साथ-साथ कुटलैहड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्वानों, शिक्षाविदों, अग्रणी शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों, आम लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

डॉ. राजकुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाषा, कला एवं संस्कृति अकादमी द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मे पूर्ण निष्ठा से योगदान दूंगा और आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति एवं लोक जीवन से जुड़े विषयों पर शोध कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा। उन्होंने कहा कि अकादमी द्वारा पुनर्गठन कर सभी मनोनीत सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। डॉ. राजकुमार ने सामान्य परिषद और साहित्य विकास समिति में 5 वर्षों के लिए सदस्य मनोनीत करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, सचिव (भाषा, कला एवं संस्कृति) राकेश कंवर, हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों, विद्वानों और हिमाचल भाषा, कला एवं संस्कृति अकादमी के माननीय सदस्यों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

गौरतलब है कि डॉ. राजकुमार वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के समन्वयक एवं सहायक आचार्य पद पर सेवारत ह। इनके 14 शोध पत्र, दो संपादित पुस्तकें और दर्जनों आलेख राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके है। इनके नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय, तीन राष्ट्रीय, 12 राज्य स्तरीय इतिहास कॉन्फ्रेंस का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इन्होंने 70 से अधिक राष्ट्रीय इतिहास सेमिनारों कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य वक्ता, आमंत्रित वक्ता अथवा सत्र अध्यक्ष के रूप में भाग ले चुके हैं।

डॉ. राजकुमार ने सबसे महत्वपूर्ण कार्य के रूप में हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले 100 से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने में योगदान दिया है।

### कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं डॉ. राजकुमार

डॉ. राजकुमार को वर्ष 2012 में रोटरी बहुआयामी प्रतिभा अवार्ड से अलंकृत किया गया है। उन्हें अभी हाल ही में अनंत ज्ञान शिखर सम्मान 2024 से नवाजा गया है। डॉ. राजकुमार का जीवन माता प्रीति देवी और पिता छोटू राम के घर जन्मे राजकुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियानी से 1996 में दसवीं, राजकीय महाविद्यालय ऊना से स्नातक (2002), डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से बीएड, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से इतिहास विषय में एमए, एमफिल और पीएचडी की उपाधियां प्राप्त की। इसके अलावा इतिहास विषय में यूजीसी नेट और सेट की परीक्षा के साथ-साथ दर्जनों प्रतियोगी परीक्षाएं पास की हैं। सरकारी विद्यालय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर राजकुमार का जीवन प्रेरणादायक हैं।

### पंचायतों में आज होगी विशेष ग्रामसभा

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के सफल आयोजन को लेकर ऊना जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए पंचायतीराज संस्थाओं/ ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा, संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नोत्तरी, स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़ाव व जनजातीय समुदायों में क्षमता निर्माण जैसी गतिविधयां आयोजित की जाएंगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाल विकास परियोजना कार्यालय गगरेट के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त चल रहे पदों के लिए आवेदन 13 दिसंबर तक मांगे गए हैं। इन पदों के लिए 18 से 35 वर्ष की पात्र महिला अभ्यर्थी अपना आवेदन सादे कागज पर भरकर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गगरेट में 13 दिसंबर सायं 5 बजे तक जमा करवा सकती हैं।

यह जानकारी बाल विकास अधिकारी गगरेट विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को 20 दिसंबर को प्रात: 10 बजे साक्षात्कार के लिए अपने सभी मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गगरेट में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### योग्यता एवं मानदंड

विजय कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसका प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार/ तहसीलदार/ कार्यकारी मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा प्रमाणित/ प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

### यहां भरे जाएंगे पद

उन्होंने बताया कि अप्पर को-ऑपरेटिव सोसायटी और मटियालिका संघनेई में एक-एक पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का तथा रायपुर अप्पर बुखायपुर, रायपुर कुम्हार बस्ती, लोअर मंदवाड़ा, घनारी चांग बस्ती, पिरथीपुर महिला मंडल, पिरथीपुर लोहार बस्ती, मैदानगढ़, बडोह भट्टियां, हरिजन बस्ती, भरवाईं रोड, ओयल आश्रम, लोअर भंजाल-दो पठवाल, बाणदू-दो, कुआं वाला मोहल्ला और रोड साइड मवा कोहलां में आंगनबाड़ी सहायिकाओं से एक-एक पदा भरा जाएगा।

**यह रहेगी साक्षात्कार की प्रक्रिया :** उन्होंने कहा कि विज्ञापित पदों के लिए चयन कुल 25 अंकों में से योग्यता के आधार पर होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 102 के अंक प्रतिशतता के अधिकतम पास अंक के आधार पर शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे, जिसमें 102 में अंकों का प्रतिशत अधिकतम 7 अंकों के अधीन आनुपातिक आधार पर होगा। उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को 3 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे, जिसमें स्नातक के लिए 2 अंक तथा स्नातकोत्तर और ऊपर के लिए 1 अंक रखा गया है।

कार्य अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक दिए जाएंगे, इसमें संबंधित पंचायत में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/आंगनबाड़ी सहायिका/बाल सेविका/ बालवाड़ी शिक्षक/नर्सरी शिक्षक/सिलाई शिक्षक/ ईसीसीई की शिशु पालक, जिन्होंने 10 महीने तक काम किया है, उन्हें प्रत्येक वर्ष के अनुभव के लिए एक अंक दिया जाएगा, जो अधिकतम 3 अंकों के अधीन होगा। 40 प्रतिशत और उससे अधिक विकलांगता वाली दिव्यांग महिलाओं के लिए 2 अंक दिए जाएंगे।

एससी/एसटी/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 2 अंक, राज्य गृह निवासी, बालिका आश्रम निवासी, अनाथ, विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा, विवाहित महिलाएं जिनके पति का पिछले 7 वर्षों से पता नहीं चल पा रहा है, महिलाएं जो अपने पतियों द्वारा परित्यक्त हैं और जो अपने माता-पिता के साथ रह रही हैं, के लिए 3 अंक दिए जाएंगे। जिनके कोई पुत्र नहीं है, ऐसे दो पुत्रियों वाले परिवारों की अविवाहित लड़की के लिए 2 अंक या जिनके कोई पुत्र नहीं है, ऐसे दो पुत्रियों वाली विवाहित महिलाओं के लिए 2 अंक दिए जाएंगे। व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 3 अंक दिए जाएंगे।

## स्वयंसेवियों को पुरस्कार देने के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसरी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रदीप सिंह प्रिंसिपल ने की। प्रोग्रामिंग अधिकारी अनिल शर्मा और सुमन भारद्वाज ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया और विभिन्न विषयों पर संबोधित किया गया। हेम लता एसएमसी अध्यक्ष ने उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई।

डॉ. अनुपमा शर्मा ने स्वास्थ्य पर ज्ञान साझा किया। सतीश शर्मा ने एनएसएस के महत्व को साझा किया, कृष्ण कुमार लद्दाखी ने नैतिक शिक्षा पर ज्ञान साझा किया, कुशल भारद्वाज ने तकनीकी शिक्षा पर ज्ञान साझा किया।

राम रतन आजाद ने सहकारी समितियों पर ज्ञान, नैतिक शिक्षा पर अनुभव साझा किया। अधिवक्ता दिव्य ज्योति ने शिविर के दौरान कानूनी पहलुओं पर ज्ञान साझा किया।

प्रदीप सिंह प्राचार्य ने बताया कि छात्रों ने व्यक्तित्व विकास में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने इस विशेष शिविर को सफल बनाने के लिए शिक्षकों का धन्यवाद दिया। अंजलि एवं संतोष कुमारी ने गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी। अंत में सभी स्वयंसेवियों को मेडल दिए गए। इस समापन समारोह में समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**आयोजन** विधायक की पत्नी बोलीं-छात्रों में अच्छे संस्कारों का होना जरूरी

# समाजसेवी ने नवाजे होनहार छात्र

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समूर कलां ओर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की धर्म पत्नी एवं वरिष्ठ समाजसेवी मृदु शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को इनाम वितरित किए।

स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि मृदु शर्मा का स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय जनता ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज ज्योति प्रज्वलित करके सरस्वती बंदना के साथ किया गया। वहीं, मंच से मुख्यातिथि को स्कूल स्टाफ एवं एसएमसी द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया। मुख्यातिथि मृदु शर्मा ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केद्वारा दो वर्षों में बेहद सुधार किया गया है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा द्वारा उनके छोटे से विधायक




विधायक विवेक शर्मा की पत्नी मृदु शर्मा के साथ छात्र और गणमान्य लोग।

कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा की सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है ताकि बच्चों को सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा मुहैया करवाई जा सके।

मृदु शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी छात्रों के जीवन का अभिन्न अंग है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक विवेक शर्मा द्वारा कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल में बेहतर खेल मैदान बनाने की मुहिम शुरू कर दी है ताकि छात्र पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अपनी रुचि बढ़ाकर मनपसंद खेल को चुनकर उसकी प्रेक्टिस करें और अपनी प्रतिभा का लोहा मनमाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल की जो भी मांगे हैं, मैं विधायक विवेक शर्मा की तरफ से पूरी करवाने की घोषणा करती हूं और आप सभी को विश्वास भी दिलाती हूं कि भविष्य में आप की और जो भी मांग स्कूलों के प्रति होंगी, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा।

वहीं, मुख्यातिथि मृदु शर्मा ने दोनों स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 5100, 5100 रुपए और प्राइमरी बिंग के लिए 2100, 2100 रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, स्थानीय प्रधान, प्रशासनिक अधिकारी, स्कूल स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### युवा महोत्सव एवं साइंस मेला 6 दिसंबर को

**ऊना।** नेहरु युवा केंद्र ऊना द्वारा 6 दिसंबर को शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूरकलां में जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेला आयोजित किया जा रहा है। इस बात की जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने दी।






## न्यूज ब्रीफ

### पर्वतारोहण गतिविधियों पर लगाया प्रतिबंध



**केलांग।** लाहौल-स्पीति प्रशासन ने पर्वतारोहण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीसी एंव अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राहुल कुमार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-34 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिले में सभी ट्रैक और चोटियों पर ट्रैकिंग और पर्वतारोहण गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। उन्होंने टूर आपरेटर्स, गाइड और आम व्यक्तियों को इस आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उल्लंघन करने वालों पर आपदा प्रबंधन एक्ट-2005 और अन्य लागू कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन इस प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे तथा नियमित गश्त करेंगे। आपातकालीन या वैज्ञानिक अभियानों के लिए विशेष अनुमति मामले-दर-मामले आधार पर दी जा सकती है। यह आदेश सार्वजनिक सुरक्षा के हित में जारी किए गए है तथा अगले आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

### 15 दिसंबर को कुल्लू अस्पताल में जांच शिविर

**कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) बिलासपुर के क्लिनिक इम्यूनोलोजी और रुमेतोलोजी विभाग के सहयोग से निशुल्क गठिया जांच शिविर का आयोजन 15 दिसंबर रविवार सुबह 9-30 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने बताया कि शिविर में ऐसे व्यक्तियों जिनके जोड़ों, उंगलियों, कलाई आदि में लगातार सूजन, जकड़न या दर्द होती हो या मुठी, बंद करने में कठिनाई हो अथवा थकान से ग्रस्त हो वह अपनी स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। जांच शिविर में एम्स बिलासपुर के गठिया विशेषज्ञों डॉ. योगेश प्रीत सिंह, डॉ. तरुण शर्मा, डॉ. अंकिता देवानगन तथा डॉ. राम द्वारा गठिया से प्रभावित लोगों की जांच करेंगे। शिविर में अस्थि घनत्व परीक्षण, गठिया की दवाइयां, सार्वजनिक स्वास्थ्य व्याख्यान आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में जांच करवाने के लिए इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीकरण मोबाइल नंबर- 9317277166 पर 12 दिसंबर तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10:30 से 5 बजे तक करवा सकते हैं।

### सोसायटी ने बीमार युवक को दी व्हीलचेयर



**आनी।** श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी सामाजिक संस्था है, जो सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी की ओर से निरमंड खंड के अंतर्गत पंचयात बागा सराहन के डियाउगी गांव में रमेश ठाकुर को व्हीलचेयर प्रदान की। सोसायटी के उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि रमेश पिछले लंबे समय से बीमारी से पीड़ित है। श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी निरंतर प्रत्येक जरूरतमंद हर विकलांगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है और हर संभव प्रयास हमारी सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी निरंतर सामाजिक उत्थान और सामाजिक कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस कार्य में सोसायटी के सदस्य चंद्रेश ठाकुर, शेर सिंह उपस्थित रहे।

### कटराईं के प्रशांत का लोकसेवा आयोग से चयन

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के कटराईं गांव के प्रशांत ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण कर राजस्व विभाग में आपातकालीन केंद्र इंचार्ज एवं प्रलेखन समन्वयक के पद पर नियुक्ति पाई है। उन्होंने डीसी कुल्लू एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अपनी उपस्थिति दी। प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान आपदा प्रबंधन की भूमिका की महत्ता को देखते हुए प्रदेश सरकार इन नियुक्तियों के लिए लोकसेवा आयोग के माध्यम से अक्तूबर में लिखित परिक्षा तथा नवंबर में साक्षात्कार आयोजित करवाया गया था। प्रशांत ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालपुर से जमा दो, कुल्लू कॉलेज से स्नातक तथा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से भूगोल तथा आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्रीयां ली हैं तथा अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली से सर्च एवं रेस्क्यू में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

### भाषण प्रतियोगिता में कैडेट विनय प्रथम

**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार में एनसीसी स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आरके सिंह ने की। कार्यक्रम में एनसीसी के महत्व और उसकी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, एनसीसी शपथ और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मंच संचालन कैडेट खुशबू द्वारा किया गया। सीनियर अंडर ऑफिसर नरेश ठाकुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन तथा खाकी वर्दी की गरिमा पर प्रकाश डाला। पीपीटी प्रदर्शन में कैडेट चारुलता ने प्रथम स्थान और अंडर ऑफिसर टीनू देवी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कैडेट विनय जोशी ने प्रथम, कैडेट संदीप ने द्वितीय और कैडेट उज्ज्वल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आरके सिंह ने एनसीसी के अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय एकता में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्मी में उच्च पदों के लिए एनसीसी कैडेट्स की सीडीएस परीक्षा में भूमिका को रेखांकित किया और सभी कैडेट्स को एनसीसी के आदर्शों को अपनाने तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

### पीएम से परिचित होने का मिलेगा मौका

**कुल्लू।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से माय भारत इंटर्नशिप के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग का आयोजन सोमवार से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पीएम से परिचित होने का मौका मिलेगा, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि हालही में पीएम द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा।

## नगर परिषद कुल्लू की ओर से शहर में अतिक्रमण और अवैध कब्जे हटाने की मुहिम जारी

# अवैध कब्जे हटाने के दिए नोटिस

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**





तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव व नगर परिषद की टीम अखाड़ा बाजार में अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए।

नगर परिषद कुल्लू की ओर से शहर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव के नेतृत्व में नप की टीम ने कुल्लू के अखाड़ा बाजार से 12 के आसपास दुकानों के निर्माण, जो कि लोनिवि की सड़क में हुए हैं और सात निर्माण अलग जो कि सरकारी भूमि पर हुए हैं, उनको हटाने को कहा।

डिमार्केशन के दौरान अखाड़ा बाजार की पार्किंग का कुछ हिस्सा भी अवैध पाया गया है उसे भी हटाने के निर्देश दिए गए। इन सभी करीब 20 अवैध कब्जाधारियों में से कुछ को नोटिस दिए गए, जबकि अन्य को जल्द कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव ने बताया कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट से मिले निर्देशों के मद्देनजर कुल्लू प्रशासन ने एक बार फिर से शहर से कब्जा हटाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को अखाड़ा बाजार में दुकानों के आगे किए गए कब्जे को हटाया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने इस दौरान पाया कि कुछ दुकानदारों ने अपने आगे की सड़क पर कब्जा किया हुआ है, तो कुछ लोगों ने अस्थायी निर्माण भी किया हुआ है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इस अतिक्रमण को बंद करें नहीं तो उनकी एप्रूवल रद्द करने और बिजली, पानी के कनेक्शन काटने को लेकर भी नप तैयार है। इस दौरान कई दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर लगाए गए बोर्ड व सामान को भी हटाया गया। नगर परिषद कुल्लू की ओर से चलाई जा रही इस मुहिम से शहर के अतिक्रमणकारियों और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

नगर परिषद कुल्लू की ओर से रोजाना शहर में कार्रवाई जारी है। अब धीरे-धीरे शहर से फुटपाथ व सड़क किनारे सजाकर रखी रेहड़ी-फड़ी व दुकानदारों के सामान सिमट गए हैं। नप कुल्लू पुलिस की मदद से अतिक्रमणकारियों व अवैध कब्जाधारियों पर शिकंजा कस रही है और पहले दो-तीन दिन का समय दे रही है, लेकिन फिर भी जो नहीं मान रहे हैं, उनका सामान जब्त कर चालान किया जा रहा है। उधर, तहसीलदार हरि सिंह यादव ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए यह मुहिम चली है और यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। शहर से अतिक्रमणकारियों व अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने इसके लिए शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## नग्गर के पास 544 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पतलीकूहल**

कुल्लू पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ छेड़े अभियान के तहत पतलीकूहल पुलिस थाना की टीम ने नग्गर के नजदीक पर्यटन स्थल जाणा फाल में एक व्यक्ति को 544 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पतलीकूहल की टीम नग्गर जाणा कोटाधार सड़क के समीप जाणा वाटर फाल में गश्त कर रही थी। इसी दौरान शक के आधार पर आरोपी व्यक्ति देवराज की तलाशी लेने पर 544 ग्राम चरस बरामद हुई। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने गांव कोटाधार डाकघर कराडसू के रहने वाले आरोपी के खिलाफ धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार गिरफ्तार किया है व आगे की कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है ।



नग्गर के पास 544 ग्राम चरस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया युवक।

## सड़क से जुड़ेगा चचोगा-धरानू क्षेत्र, बनेगी 1400 मीटर सड़क

**अनंत ज्ञान, मनाली**




मनाली के साथ लगता चचोगा-धरानू क्षेत्र जल्द ही सड़क से जुड़ने जा रहा है। 1400 मीटर लंबी इस सड़क का सोमवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भूमिपूजन किया।

इस सड़क के लिए 82 लाख 54 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। 1400 मीटर लंबी यह सड़क चचोगा को वशिष्ठ पंचायत से जोड़ेगी। सड़क बनने से यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा। ग्रामीण मेहर चंद, दीपक, सुरेश, दिनेश व पूर्ण ने बताया कि इस सड़क को लेकर उनकी लंबे समय से मांग चल रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। भूमि पूजन करने के बाद मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने जनता को सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की यह मांग लंबे समय से चल रही थी, जिसे सुखविंद्र सिंह सूक्खू की सरकार ने पूरा किया है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। भुवनेश्वर ने कहा कि यह सड़क चचोगा व वशिष्ठ पंचायत के ऊपरी क्षेत्र को आपस में जोड़ेगी। इस ग्रामीण क्षेत्र में अब पर्यटन भी रफ्तार पकड़ेगा। लोग होटल व कोटेज का निर्माण कर सकेंगे साथ ही बागवान भी अपने फलों को आसानी से सब्जी मंडियों तक पहुंचा सकेंगे। 1400 मीटर लंबी इस सड़क के लिए 82 लाख 54 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। विधायक ने कहा कि यह सड़क निर्धरित समय में तैयार कर ग्रामीणों को समर्पित कर दी जाएगी। उन्होंने चचोगा गांव में खेल मैदान के लिए तीन लाख रुपए देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा सहित प्रदेश इंटक प्रवक्ता डीआर जोशी, चचोगा के बीडीसी सदस्य एवं बीडीसी उपाध्यक्ष अनूप जोशी, प्रधान दीक्षा, उपप्रधान दिनेश नेगी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर निष्पादित किया

**केलांग।** राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम पर एकदिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर का उद्देश्य स्टूडेंट्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और समस्त कॉलेज परिसर को प्लास्टिक मुक्त करना था।

शिविर में एनएसएस स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग किया। कुल छह टीमों का गठन कर सफाई अभियान चलाया गया और सुगम जल निकासी के लिए नालियों के निर्माण के साथ-साथ सुखे कचरे और गिले कचरे को अलग-अलग निष्पादित किया गया। स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर निष्पादित किया गया। स्वयंसेवियों ने कॉलेज के खेल मैदान की भी साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. अनिता कुमारी के संबोधन से हुई। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षकगण डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, डॉ. अक्षय, प्रो. सुरिंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए लोग करवाएं आधार पंजीकरण : अश्वनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



एडीएम आधार पंजीकरण के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि जिले की समस्त जनता आधार पंजीकरण तथा जिनके आधार पंजीकरण की अपडेशन होनी है वह जल्द अपना आधार अपडेशन करवाएं।

एडीएम ने सोमवार को आधार पंजीकरण के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आधार पंजीकृत होना तथा अपडेट होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आधार पंजीकरण एवं अपडेशन की सुविधा प्रत्येक अस्पताल तथा लोकमित्र केंद्र पर उपलब्ध रहती है, जहां पर लोग अपना आधार पंजीकरण एवं अपडेशन करवा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में भी आधार पंजीकरण को लेकर समय-समय पर स्कूली बच्चों को भी जागरूक करते रहे तथा जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड बनाना जल्द सुनिश्चित करें। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि राशन कार्ड की सुविधा लेने के लिए भी आधार कार्ड का अपडेशन आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नया आधार पंजीकरण बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनते ही करवाया जा सकता है तथा प्रत्येक प्रसव केंद्र में बच्चों के पैदा होते ही इसके 24 घंटे के भीतर उसका आधार पंजीकरण करवाया जा सकता है। उन्होंने निजी अस्पतालों के संचालकों से भी आग्रह किया कि वह नवजात बच्चों के पैदा होते ही क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उनका पंजीकरण करवाएं। उन्होंने लोकमित्र संचालकों से आग्रह किया कि वह इस संबंध में कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाने का भी कार्य करें, ताकि समय-समय पर लोगों को अपने घरद्वार के निकट में यह सुविधा प्राप्त होती रहे।

## टीबी मुक्त पंचायतों के प्रधानों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



टीबी मुक्त हुई पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित करने के बाद एडीएम काजा।

जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत टीबी मुक्त हुई 5 पंचायतों के प्रधानों व उपप्रधानों को अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। उन्होंने सभी 5 पंचायत प्रधानों को गांधी जी की कांस्य की प्रतिमा और टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

स्पीति उपमंडल में कुल 13 पंचायतों में से 5 पंचायतें काजा, किब्बर, खुरिक, डैमूल और लंगजा टीबी मुक्त हुईं हैं। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने सभी पंचायत प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि यह स्पीति घाटी के लिए खुशी की बात है। देश से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2025 तक रखा गया है। इसी क्रम में इन 5 पंचायतों का टीबी मुक्त होना अहम है, लेकिन हमारा लक्ष्य है कि स्पीति घाटी की सभी 13 पंचायत टीबी मुक्त हों। गांव देश की इकाई हैं और यदि गांव ही टीबी मुक्त हो जाएंगे, तो स्पीति घाटी भी टीबी मुक्त हो जाएगा। उन्होंने घाटी की अन्य पंचायतों को भी टीबी मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में प्रयास तेज करने को कहा। लोगों को टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कर टीबी रोग की पुष्टि होते ही उनका इलाज शुरू करें तथा टीबी स्क्रीनिंग में भी तेजी लाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी काजा डॉ. तेंजिन ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेंजिन ने अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन का खतक पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दोरजे अंगरुप, पंचायतों के प्रधान व उपप्रधान, आशा वर्कर्स तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

## कोकसर में लगेगा विशेष शिविर

**केलांग।** वन अधिकार अधिनियम को लेकर कोकसर पंचायत में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधायक अनुराधा राणा और डीसी राहुल कुमार के निर्देश पर इस कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। कार्यशाला में तहसीलदार केलांग रमेश राणा मौजूद रहेंगे। ग्राम स्तर कमेटी से प्रेषित होने वाले दावों में कोई त्रुटि न रहे, ताकि फाइल उपमंडल और जिला स्तर कमेटी से वापस न आए। इसके संदर्भ में ग्रामीणों को जानकारी देंगे। जिला परिषद सदस्य दोरजे लारजे ने बताया कि विधायक और डीसी के निर्देश पर कोकसर में वन अधिकार अधिनियम को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

## आदिति नेगी ने बढ़ाई मनाली की शान घर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली को गौरवान्वित करने के बाद अपने गांव शनाग पहुंची मिस नॉर्दन-2024 की फर्स्ट रनर अप रही आदिति नेगी का जोरदार स्वागत किया गया।

दादा मान चंद व दादी सैनू नेगी सहित माता सुलेखा नेगी व पिता नंद लाल नेगी सहित ग्रामीणों ने बधाई दी। दादा व दादी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज उनकी पोती ने उनका नाम रोशन किया है। पूर्व प्रधान विद्या नेगी ने कहा कि बेटी की सफलता से समस्त शनग के ग्रामीण खुश हैं। मनाली की उझी घाटी की लड़कियां इस तरह की प्रतियोगिताओं में बहुत कम भाग लेती हैं। आदिति की सफलता के बाद ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों का भी इस ओर रुझान बढ़ेगा। बीएससी की छात्रा एवं शनग की होनहार बेटी आदिति नेगी ने कहा कि खिताब के साथ घर वापस आना बहुत अच्छा लगता है। यह प्रतियोगिता रोमांचक रही। इस तरह के प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रेरित करने के लिए फिट एंड फायर के आयोजकों को मिस्टर एंड मिस नॉर्दन सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित करने को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी आसमान तक पहुंच सकती हैं।

**बैठक** जनवरी-2016 से देय संशोधित वेतनमान-महंगाई भत्ता बकाया एरियर का हो एकमुश्त भुगतान

## सीएम साहब! विधायक सुंदर ठाकुर को बनाया जाए मंत्री : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी विधायक सुंदर ठाकुर के साथ (दाएं) कार्यकारिणी एडीएम के साथ।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक अटल सदन ढालपुर कुल्लू में सोमवार को आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने की। बैठक में पेंशन भोगियों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एलआर गुलशन ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों में पेंशनर्स के लंबित वित्तीय मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने, हिमाचल पेंशनभोगी संघ का मांगपत्र तैयार करने, पेंशनभोगियों को जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतनमान और महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान करने की प्रदेश सरकार से मांग की गई।

इसके अतिरिक्त 65, 70, 75 व 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशन भोगियों की पेंशन में 25, 50, 75 व 100 प्रतिशत वृद्धि करने की राज्य सरकार से मांग की। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को कैबिनेट मंत्री बनाने की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की गई। इसके उपरांत प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन के नेतृत में हिमाचल पेंशन भोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर और अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार से मिला तथा उनसे पेंशनभोगी संघ की मांगों का समाधान करने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रदेशव्यापी पेंशन भोगी संपर्क अभियान चलाया जाएगा और पेंशनर्स की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### प्रेम लाल बने पेंशनभोगी संघ के प्रदेश महासचिव

**प्रदेशाध्यक्ष** एलआर गुलशन ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें प्रेम लाल को पेंशनभोगी संघ का प्रदेश महासचिव (मुख्यालय), खुशाल नेगी और सब्जा चंद को प्रदेश उपाध्यक्ष, महेंद्र डोगरा, सरोज शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, कल्पना शर्मा को संगठन सचिव, रामलाल वर्मा, आनंद कुमार बौद्ध को सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं, जिला अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर और महासचिव किरण चंद शर्मा ने बताया कि खुशाल चंद नेगी को पेंशनभोगी संघ खंड भुंतर इकाई का संयोजक और ओंकार शर्मा को सहसंयोजक तथा सब्जा चंद को सैंज इकाई का संयोजक नियुक्त किया गया, उन्हें दो सप्ताह के भीतर इन खंड इकाइयों के विधिवत चुनाव करवाने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे मौजूद

**बैठक** में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, खुशाल चंद नेगी, सब्जा चंद, प्रदेश महासचिव (मुख्यालय) प्रेमलाल, उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, उपाध्यक्ष राम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष भगत राम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मूक अभिनय में पहला और नाटक में दूसरा स्थान पाने वालों का स्वागत



बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय स्तरीय महोत्सव (ग्रुप-4) के दौरान मूक अभिनय में पहला और नाटक में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार सोमवार को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू पहुंचे, जिनका प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय स्तरीय महोत्सव (ग्रुप-4) का आयोजन 20-23 नवंबर को किया गया था, जिसमें कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों ने मूक अभिनय में प्रदेश के 24 कॉलेजों को मात देकर पहला स्थान प्राप्त किया।

मूक अभिनय में निखिल, प्रेम पाल, साक्षी, सावित्री, सोनाली और हेमा का अभिनय सराहनीय रहा। इसी तरह नाटक में प्रदेश के 21 कॉलेजों ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान कुल्लू कॉलेज की प्रस्तुति 'पंचम वेद' दूसरा स्थान के लिए चुना गया। 'पंचम वेद' राजस्थानी लोक संस्कृति पर आधारित नाटक है, जिसमें कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों ने कथानक, लाइट, साउंड और एक्शन के माध्यम से भ्रष्टाचार, शोषण और संवेदना के ज्वलंत मुद्दों को उजागर किया। अलाप में मुख्य भूमिका क्षितिज की रही। 'पंचम वेद' नाटक में नेहा चौहान ने लीला, सरोज ने मां, हिमांशु ने बाप, प्रेम लाल, निहाल व मीनाक्षी ने भांड, जय सिंह ने त्रिवेदी, हेमा ने चतुर्वेदी और चंदन ने सचिव की भूमिका का अभिनय किया। सोमवार को सभी कलाकार कॉलेज पहुंचे तथा प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा को पुरस्कार में मिले ट्राफी सौंपकर बोले- सर... हम सब ने अपनी जिम्मेदारी पूरी की। प्राचार्य ने सभी का स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## न्यूज ब्रीफ

### 28 नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 केवी कंडाघाट फीडर के रखरखाव के दृष्टिगत 28 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 28 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक सोलन के ब्रुरी, कथोग, दधोग, दाउंसी, सलोगड़ा, मनसार, बस्ती, हनी एप्पल, हॉट मिक्स, शिवालय मंदिर, पड़ग, कोठों, मेला मैदान, हरट, बेल, गुठान, जबलाटी, जल शक्ति विभाग 1, 2, 3 स्टेज, ग्रानी, नेरी, झोखड़ी, माठिया, ग्लोथ, टिक्कर, गण की सेर, अश्वनी खड्ड, कोणार्क होटल के समीप का क्षेत्र, जराश, मेहर कालोनी के कुछ क्षेत्र, चंबाघाट गुरूद्वारा के ऊपर का क्षेत्र, प्राथमिक विद्यालय के समीप पार्वती निवास एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने तथा किन्हीं अपरिहार्य कारणों के कारण निर्धारित समय व दिनांक में परिवर्तन हो सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 27 को इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नाहन।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल न-2 ने बताया कि 33 केवी गिरिनगर नाहन लाइन पर 33केवी कंडक्टर को बदलने तथा मरम्मत का कार्य किए जाने के फलस्वरूप 27 को गायत्री मंदिर, यशवंत विहार, जरजा, बनोग, सेन की सेन इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। इसी दिन कार्य आपूर्ति तक नाहन शहर, गुन्नुघाट, चौगान, कच्चा टैंक तथा आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 33केवी लाइन कालाअंब के माध्यम से सुचारु चालू रखी जाएगी, लेकिन किसी आपातकालीन स्थिति में नाहन के कुछ ग्रामीण क्षेत्र जैसे शंभुवाला, बनकलां, सत्तीवाला, बोहलियों, मातरभेड़ों, कटासन, उत्तमवाला, नेहरला, चासी, सुरला, महीधर, धारक्यारी, जाब्बल का बाग, जमटा, पंजाहल, धगेडा, आमवाला, सैनवाला, बोगरिया, बांका बाडा औद्योगिक क्षेत्र, मोगीनंद के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधिक रह सकती है। आपातकालीन स्थिति में नाहन के कुछ उपरोक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की सप्लाई कुछ समय के लिए बंद रह सकती है। सभी आम जनता से सहयोग की अपील की जाती है।

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कल

**सोलन।** जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 27 नवंबर को सायं 3.30 बजे डीसी कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन नरेंद्र कुमार धीमान ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक की अध्यक्षता डीसी सोलन मनमोहन शर्मा करेंगे।

### अजय बेस्ट ब्वाय, पूजा बनी बेस्ट गर्ल



**कसौली।** मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजड़ी-जाबली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि एपीएमसी सोलन के चेयरमैन रोशन ठाकुर रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर ने की। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एडोपटर नवीन गोयल व प्राइमरी स्कूल राजड़ी-जाबली के एडोपटर केकश्यप विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सामारोह में वर्ष भर में शैक्षणिक गतिविधियों, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड, खेलकूद, सांइस मॉडल प्रतियोगिता, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति, अध्यापकों, बच्चों व स्थानीय लोगों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना व वंदेमातरम से की गई। स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर ने स्कूल की साल भर शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों को प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। अजय को बेस्ट ब्वाय, पूजा को बेस्ट गर्ल चुना गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें पहाड़ी नाटी, पंजाबी गिद्दा, योगाभ्यास, शिव स्तुति सहित अन्य कार्यक्रम पेश किए गए। स्कूल के मेधावी छात्रों में रजत, गरिमा, मोहित, महक, आदर्श, उपवन, धीरज, तन्वी, नलिनी, पूजा, अनूपम, साक्षी, निधि, अंजलि, मोनिशा, पूजा, मुस्कान आदि को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### समाज को जागरूक करने के लिए किया प्रेरित

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबीधार में एनएसएस विशेष शिविर का समापन समारोह प्रधानाचार्य डीडी सिमर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस समारोह में सुरेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व प्रधान एसएमसी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य द्वार पर कार्यक्रम अधिकारी अंजना प्रवक्ता अर्थशास्त्र व पंकज कुमार प्रवक्ता इतिहास के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में महेश दत्त एसएमसी प्रधान, एसएमसी सदस्य नरेश कुमार, सुरजीत, प्रभा देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से की गई। मंच का संचालन बृजमोहन तथा कुशल दत्त द्वारा किया गया। दीपक के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को सलामी दी। इस शिविर में चौदह स्वयंसेवियों ने भाग लिया। एनएसएस स्वयंसेवी दीपक ने पूरे विशेष शिविर की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया।इस कैंप में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पंकज कुमार द्वारा विभिन्न गतिविधियों के बारे जानकारी दी गई। स्वयंसेवियों को मुख्यातिथि ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### नीरज व रेणु को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर का पुरस्कार



**दाड़लाघाट।** कृष्णगढ़ उपतहसील की पंचायत चंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का विधिवत रूप से समापन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि के रूप में पधारे बीएसएनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन चंडी के प्रबंधन समिति के सचिव चंद्रमोहन शर्मा एवं विशिष्टातिथि के रूप में पंचायत चंडी के प्रधान बलवंत ठाकुर उनके साथ कॉलेज के हिंदी के प्रवक्ता हीरा दत्त शर्मा, पंचायत चंडी के सदस्य चमन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का बच्चों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम के स्पेशल कैंप के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि यह स्पेशल कैंप 19 नवंबर से आरंभ हुआ था। इस कैंप में देवेंद्र के साथ बबीता शर्मा भी उपस्थित थी। बच्चों ने इन सात दिनों में विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई एवं अन्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह के उपलक्ष्य में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। शिविर में वालंटियर नीरज और रेणु को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया। मुख्यातिथि ने बच्चों को इस विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विशेष जानकारी दी और अपनी तरफ से 7100 रुपए की धन राशि दी।

### कुल्लू कॉलेज में रोजगार मेला 28 को

**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में 28 नवंबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बैंकिंग, बीमा, फाइनांस, रिटेल, रियल स्टेट व फार्मा सेक्टर की तीन दर्जन से अधिक देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के नियोक्ता व प्रतिनिधि मौजूद होंगे। कैरियर काउंसलिंग सेल के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेले के आयोजन का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाना है। 28 को आयोजित रोजगार मेले में बैंकिंग सेक्टर से आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, एक्सीस, एयू स्माल फाइनांस बैंक, कोटक महेंद्रा व डीसीबी बैंक, बीमा सेक्टर से एलआईसी, मैक्स लाइफ, एचडीएफसी लाइफ व आईसीआईसीआई पोटेंसियल, महेंद्रा फाइनांस, आईसीआईसीआई होम फाइनांस व बजाज फाइनांस, रिटेल सेक्टर से पूमा, लांचर व क्रोमा इंडिया, रियल स्टेट से एसबीपी, विनीत इंफ्रा व सुषमा ग्रुप्स, आईटी सेक्टर से स्वायर आईटी आदि तीन दर्जन से अधिक कंपनियों के नियोक्त व प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कॉलेज में अध्ययनरत तथा पास आउट छात्रों से रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने तथा लाभ उठाने की अपील की है।

# परिवार रजिस्टर एंट्री में पिछड़ा नगर निगम

## सोलन शहर में 12 हजार राशन कार्ड पर परिवार रजिस्टर में हुई 7,822 की एंट्री

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहरी क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48-ए धारा 308-ए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43 (5) और धारा-393 में संशोधन किया है।

डाटाबेस बनाने के लिए सितंबर-2024 की समय सीमा तय की थी पर नगर निगम सोलन इसमें पिछड़ गया। शहर में इस समय 12 हजार राशन कार्ड धारक परिवार हैं पर परिवार रजिस्टर में अभी तक 7,822 की ही एंट्री हुई है। ऐसे में गैर पंजीकृत लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ेगा, अब निगम ने नवंबर माह तक परिवार रजिस्टर का डाटाबेस का लक्ष्य हासिल करने का निर्णय लिया है। पूरा डाटा हिम परिवार विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजना से लिंक होगा, जिसके आधार पर योजनाओं का लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### लोकमित्र केंद्र को सौंपा जिम्मा

**शहर** में रह रहे परिवारों का रिकॉर्ड मेंटेन किए जाने के लिए नगर निगम सोलन ने वार्ड क्षेत्रों के लोकमित्र केंद्र को जिम्मा सौंपा है। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे भी किया जा चुका है। छूट गए परिवारों की एंट्री के लिए निगम ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। शहर के कई परिवारों ने अभी तक परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं करवाई है। संचालकों के माध्यम से लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाएगा कि यदि पहले से ही पंचायत परिवार रजिस्टर में एंट्री है, तो भी निगम में एंट्री जरूरी है। डेटाबेस बन जाने के बाद इसका विकल्प दिया जाएगा कि परिवार रजिस्टर पंचायत को चुनना है या फिर निगम।



सरकार ने परिवार रजिस्टर को मेंटेन करना जरूरी किया है। पूरा डाटा हिम परिवार विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजना से लिंक होगा। डेटाबेस बन जाने के बाद इसका विकल्प दिया जाएगा कि परिवार रजिस्टर पंचायत को चुनना है या फिर निगम। शहरवासियों से परिवार रजिस्टर के लिए परिवार का डाटा देने में सहयोग की अपील है।

**एकता कापटा आयुक्त, नगर निगम, सोलन**

### कल्याणकारी योजनाओं में मददगार

**शहरी** क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जनकल्याण के लिए योजनाएं जैसे पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकासात्मक योजना बनाने में आसानी होगी। इसके तहत अब शहर की कुल आबादी का अनुमान लगाया जा सकेगा। साथ ही निगम के अधिकारियों को भी परिवार के व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना आसान होगा। आम तौर पर नगर निगम जन्म-मृत्यु का पंजीकरण तो करता है पर परिवार में कितने सदस्य हैं इसका रिकॉर्ड आज तक मेंटेन नहीं है। अब यह संभव होगा। निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर भी व्यक्ति का नाम, पेशा और शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड लेंगे। इसके अलावा आधार, राशन कार्ड और बिजली बिल की प्रति भी दिखानी होगी। लोगों की सुविधा के लिए वार्डों में परिवार रजिस्टर के पंजीकरण का जिम्मा लोकमित्र केंद्रों को दिया गया है। स्थानीय निवासी लोकमित्र केंद्र में जाकर निगम के परिवार रजिस्टर में एंट्री करवा सकते हैं।

# डीसी ने माता बाला सुंदरी गोशाला में ऑनलाइन स्कैनर सुविधा की आरंभ


माता बाला सुंदरी गोशाला में ऑनलाइन स्कैनर सुविधा का आरंभ करते डीसी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

माता बाला सुंदरी गोशाला परिसर में पशु के प्रति क्रूरता निवारण समिति की बैठक डीसी सिरमौर एवं अध्यक्ष माता बाला सुंदरी गोशाला, सुमित खिमटा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने माता बाला सुंदरी गोशाला के लिए ऑनलाइन माध्यम से दान प्राप्त करने व दान देने वाले लोगों को ऑनलाइन की सुविधा उपलब्ध करने के लिए ऑनलाइन स्कैनर का शुभारंभ किया तथा डीसी ने गोशाला के लिए स्वयं भी दान राशी दी।

बैठक के दौरान डीसी ने सहायक अभियंता मंदिर न्यास को गोशाला के दो शेड की छत की मरम्मत, शेड व कम्युनिटी हॉल तक टाइल्स का रास्ता बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने के आदेश दिए। इस दौरान समिति द्वारा गोशाला की आय-व्यय का विवरण दिया गया व गोशाला को सुचारु रूप से चलाने के लिए मंदिर न्यास से मासिक राशि की मांग की गई। इस बारे डीसी ने वास्तविक लागत राशि प्रदान करने की सहमति दी।

डीसी ने नाहन शहर में बढ़ रहे निराश्रित पशुओं की समस्या के समाधान के लिए पशुपालन विभाग उपनिदेशक एवं कार्यकारी अधिकारी नाहन को समन्वय स्थापित कर निराश्रित पशुओं को काऊ सेंचुरी कोटला बड़ोग भिजवाने के आदेश दिए व अन्य गोशालाओं जो क्षमता से कम पशु रख रहे हैं, उनका भी ब्यौरा देने के निर्देश दिए। डीसी ने डॉग शैल्टर के निर्माण के लिए कार्यकारी अधिकारी नाहन को स्थान का चयन करने के आदेश दिए, ताकि आवारा कुत्तों की समस्या से निपटा जा सके।

### सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित प्रात:कालीन सभा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दसवीं कक्षा की छात्रा हर्षिता भगत ने सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सड़क पर बाई तरफ चलना, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना और नशा करने पर गाड़ी नहीं चलाना, जैसे नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसके अलावा प्लस-टू की छात्रा संजना ने सभी विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित शपथ भी दिलाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### बद्दी से साई मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर संयुक्त विभागों की टीमों ने की कार्रवाई

# 40 रेहड़ी-फड़ी को हटाया, सामान किया जब्त

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी से साई मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम की समस्या से निपटने के लिए संयुक्त टीम ने दबिश देते हुए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया।

प्रशासन, पुलिस व नगर परिषद के अधिकारियों ने संयुक्त टीम बनाकर मुहिम को चलाया। इसके तहत साई मार्ग पर नगर परिषद कार्यालय के समीप से लेकर दावत चौक और वर्धमान मार्केट तक करीब 40 से 50 रेहड़ी-फड़ी को संयुक्त टीम ने हटाया और उनके सामान को जब्त किया। इस दौरान दुकानदारों के साथ प्रशासन के अधिकारियों की नोक-झोंक भी हुई और स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन पर दादागिरी के आरोप लगाए। प्रशासन ने पुलिस की मदद से सरकारी जमीन पर रखी गई सामग्री को भी दुकानों के अंदर करने के निर्देश दिए, ताकि सड़कों पर नियमित लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो सके। एसडीएम बद्दी विवेक महाजन ने बताया कि मार्ग पर जाम की समस्या व पैदल चलने वालों को काफी दिक्कत होती है इसलिए एक संयुक्त टीम बनाई गई और अवैध अतिक्रमण को हटाया गया, अगर कोई अवैध रूप से अतिक्रमण करता पाया गया, तो ठोस कार्रवाई होगी।



### तहबाजारी के बिना रेहड़ी लगाई तो होगी एफआईआर

**संयुक्त** टीम में एसडीएम बद्दी विवेक महाजन, डीएसपी बद्दी अभिषेक और कार्यकारी अधिकारी रणवीर सिंह वर्मा अपनी-अपनी टीमों सहित साई मार्ग पर उतरे थे। उन्होंने दुकानदारों व लोगों से आग्रह किया कि बिना तहबाजारी के बिना कोई रेहड़ी लगाता है और कोई अनजान व्यक्ति उनकी पर्ची काट रहा है, तो उन पर सीधा मामला दर्ज किया जाएगा।

### फुटपाथ करवाए खाली : आरएस

**नगर** परिषद बद्दी के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा ने बताया कि साई मार्ग पर लंबे समय से ट्रैफिक जाम व अतिक्रमण की समस्या बढ़ रही थी। इसके चलते संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। सड़कों पर अवैध रूप से लगाई गई रेहड़ी-फड़ी को हटाया गया है। फुटपाथ खाली करवाए गए हैं, ताकि लोगों को पैदल चलने में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उनका सामान जब्त कर उन्हें भविष्य में इन दुकानों को न लगाने के लिए भी चेताया गया है। दोबारा यदि यह लोग दूकानें लगाते हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवेदन 7 तक

**सोलन।** एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने कहा कि नालागढ़ में 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के इच्छुक कलाकार 7 दिसंबर तक एसडीएम कार्यालय नालागढ़ में आवेदन कर सकते हैं। राजकुमार ने कहा कि जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याए भी आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक संध्याओं में अपनी प्रस्तुति देने के लिए जिला सोलन के लोक कलाकार 7 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने सोलन के सभी लोक कलाकार प्रतिभागियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन एसडीएम कार्यालय नालागढ़ की ईमेल sdmnalagarh-solan@gmail.com पर प्रेषित कर दें।

# लझोगड़ी में आपदाग्रस्त मकानों और उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने पच्छाद उपमंडल की पंचायत नैना टिक्कर के अंतर्गत आपदा के दौरान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवारों से मिलकर मकान के पुनर्निर्माण कार्य का जायजा लिया।

डीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आपदा के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए मकानों के निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की राशि प्रति परिवार विशेष राहत पैकेज प्रदान की जा रही है, जिसके तहत उन्होंने पच्छाद के गांव थलेड़ी में लोगों के गृह निर्माण का जायजा लिया। इस दौरान डीसी के साथ तहसीलदार पच्छाद प्रवीण कुमार सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। डीसी सिरमौर ने पच्छाद क्षेत्र के उच्च पाठशाला लझोगड़ी का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद भी किया। डीसी ने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व बौद्धिक विकास संबंधी अतिरिक्त गतिविधियों के साथ जोड़ा जाना आवश्यक है। पढ़ाई के अतिरिक्त विद्यार्थियों को बुनियादी ज्ञान व देश-प्रदेश तथा जिला संबंधी सामान्य ज्ञान की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने आप को सक्षम बनाकर आगे बढ़ सकें। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और एक अनुभवी शिक्षक ही स्कूली बच्चों में अध्ययन को लेकर आ रही कमी को परख सकता है।


आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पुन: निर्माण कार्य का जायजा लेते डीसी।

# किशोरियों को एनीमिया के बारे में किया जागरूक



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में आयोजित जागरूकता शिविर में किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता और एनीमिया के बारे में जागरूक किया गया।

द हंस फाउंडेशन की द्वितीय ईकाई अर्की की ओर से आयोजित इस जागरूकता शिविर में डॉक्टर आशीष ने किशोरियों को संबोधित करते हुए मासिक धर्म स्वच्छता और एनीमिया के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और एनीमिया से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर किशोरियों को सेनेटरी किट भी वितरित की गई। साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों की जानकारी के लिए हस्त प्रक्षालन के 9 अहम कदम के पोस्टर भी चिपकाए गए।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए मिलकर करना होगा काम : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर अंबुजा फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। धुंदन पंचायत के दुर्गा मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में धुंदन, सरयांज और भराड़ीघाट से विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में डॉक्टर मानवी चौधरी, भूपेंद्र गांधी और समूह की सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। डॉक्टर मानवी चौधरी ने कहा कि महिलाएं अपने कार्य क्षेत्र में सार्थक भूमिका निभा रही हैं, लेकिन व्यक्तिगत संघर्षों से आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से वे मंजिल को हासिल कर सकती हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए हमें एकजुट होना होगा और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना होगा। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन इस महत्वपूर्ण विषय पर अग्रसर है और सामाजिक मुद्दों पर आगे बढ़ रहा है। हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया और नाट्य मंच और सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए गए।

# हरे कृष्णा गोशाला मलकू माजरा में 100 गोवंश की क्षमता बढ़ी

## कमेटी की दिन-रात की मेहनत व लोगों का सहयोग लाया रंग, बेसहारा गोवंश को मलकू माजरा गोशाला में भेजें

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



एक तरफ जहां कांग्रेस सरकार बनने के बाद अधिकांश गोवंश सड़कों पर है, उससे बद्दी-बरोटीवाला भी अछूता नहीं रहा। चाहे बद्दी नालागढ़ रोड हो या बद्दी-बरोटीवाला मार्ग हर जगह आवारा गोवंश विचरता दिखता है।

वहीं, बीबीएन में कुछ गोशालाएं ऐसी भी हैं, जो कि मानवता को देखते हुए बिना किसी सरकारी सहायता के अपनी क्षमताएं बढ़ा रही हैं। ऐसी ही एक गोशाला है बद्दी-नालागढ़ मार्ग पर स्थापित सबसे प्राचीन गोशाला हरे कृष्णा गोशाला जिसने समाज व गोवंश हित में अपने गोवंश संरक्षण की क्षमता को बढ़ाया है।

गोशाला के मुख्य संरक्षक अशोक कुमार शर्मा व अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने बताया कि हमने जन सहयोग ने गोशाला के अंदर एक नया शैड स्थापित किया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा गोवंश को आश्रय दिया जा सके। हर कृष्णा गोशाला मलकूमाजरा के प्रधान पंकज ठाकुर ने बताया कि हमने जन सहयोग से मिलकर जो नए शैड का निर्माण किया है, उसमें 100 से ज्यादा गोवंश आश्रय की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बीबीएन के लोगों से आह्वान किया कि अगर कोई बेसहारा गोवंश है, तो उसको मलकू माजरा गोशाला में भेजें, ताकि उसको सहारा मिल सके।

### सरकार नहीं कर पाई गोवंश आयोग का पुनर्गठन

**जयराम** सरकार ने 2019 में गोवंश के संरक्षण संवर्धन के लिए गोवंश आयोग का गठन किया था। इस बोर्ड में प्रदेश के पशुपालन मंत्री चेयरमैन थे, तो दून विधानसभा क्षेत्र अशोक शर्मा को वाइस चेयरमैन बनाया गया था। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही गोवंश पर बेहतरीन कार्य करने वाले अशोक शर्मा को उनके पद से हटा दिया था, लेकिन उसके बाद उस पद पर नियुक्ति देना भूल गई। वर्तमान में गोवंश आयोग के उपाध्यक्ष पद पर प्रदेश कांग्रेस सरकार ने दो साल बीत जाने पर भी ताजपोशी नहीं की है। वहीं, सरकार को गोवंश संरक्षण के लिए काऊ सेस व शराब पर सेस के रूप में हर माह बड़ी राशि मिलती है। इसके बावजूद प्रदेश व बीबीएन में गोवंश भारी मात्रा में सड़कों पर विचर रहा है।

**सम्मान** सनावरियन ओल्ड सोसायटी सनावर कसौली की मेजबानी में आयोजित नौवीं एलुमनाई क्रिकेट बैश प्रतियोगिता का हुआ समापन

# मेयो कॉलेज अजमेर ने जीती एलुमनाई क्रिकेट बैश ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सनावरियन ओल्ड सोसायटी (ओएसएस) सनावर कसौली की मेजबानी में आयोजित नौवीं एलुमनाई क्रिकेट बैश (एसीबी) ट्रॉफी मेयो कॉलेज अजमेर ने जीत ली है।

विजेता टीम ने सिंधिया स्कूल ग्वालियर को एक रोमांचक मुकाबले में आठ रनों से हराया। चंडीगढ़ के निकट पीसीए मुल्लांपुर स्टेडियम में हुए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मेयो कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। नाबाद योगराज सिंह (50) के अर्धशतक और शैरी सिंह के तीस रनों की बदौलत मेयो कॉलेज ने 154/8 रन बनाए। विपक्ष की ओर से आयुष अग्रवाल (3/25) ने तीन विकेट चटकाए। जवाब में सिंधिया स्कूल 94 रनों पर अपने चार बल्लेबाज गवां कर संघर्षरत दिखा, लेकिन नाबाद कार्तिक चौहान (51) ने नुकसान की भरपाई करते हुए मैच को अंतिम ओवर तक पहुंचाया। परिणामस्वरुप सिंधिया स्कूल 146/7 रन ही जुटा पाई।

तीस रन बनाने, दो विकेट चटकाने और तीन कैच लेने के लिए शैरी सिंह को मैन आफ दी मैच दिया। ओएसएस के अध्यक्ष पंकज सप्रू ने आमंत्रित अतिथियों के बीच विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इससे पूर्व मेयो कॉलेज अजमेर ने दी लारेंस स्कूल, सनावर को लीग मैच में 40 रनों से हराकर लीडरबोर्ड में टॉप टू में जगह बनाई और फाइनल में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट में एलएसएस का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, जिसमें टीम ने चार मैचों में दो जीत दर्ज की। एलएसएस के संग्राम सिंह ने टूर्नामेंट में चार मैचों में 165 रन बनाए और लीडरबोर्ड में दूसरे टॉप बल्लेबाज बने, जबकि अपूर्व लाखिया ने तीन मैचों में छह विकेट चटकाकर टाप सात में जगह बनाई। मेयो कॉलेज के शैरी सिंह को बेस्ट प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट और बेस्ट बैटर के खिताब से नवाजा गया, जबकि सिंधिया स्कूल के कार्तिक चौहान को बेस्ट बॉलर, सिंधिया स्कूल के ही अभय खन्ना को बेस्ट फील्डर से नवाजा गया।

दून स्कूल के दिनेश रेड्डी को बेस्ट विकेटकीपर का खिताब दिया गया। एसीबी एक वार्षिक आयोजन है, जिसमें देश के प्रतिष्ठित स्कूलों व कॉलेजों के पूर्व छात्र इस टी-20 टूर्नामेंट में भाग लेते हैं।


मेयो कॉलेज अजमेर टीम एलुमनाई क्रिकेट बैश-2024 ट्रॉफी उठाते हुए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### इटली ने नीदरलैंड को हराकर दूसरा डेविस कप खिताब जीता




**मलागा (स्पेन)।** इटली ने डेविस कप खिताब के लिए लगभग 25 साल इंतजार किया, लेकिन यानिक सिनर की मौजूदगी में रविवार को टीम ने इस प्रतिष्ठित टेनिस पुरुष टीम प्रतियोगिता का लगातार दूसरा खिताब जीता। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने टेलोन ग्रीक्सपूअर को 7-6, 6-2 से हराकर इटली को नीदरलैंड पर 2-0 की जीत दिलाई और अपने शानदार सत्र का अंत जीत के साथ किया। माटियो बेरेटिनी ने इससे पहले बोटिक वेन डि जेंडस्कल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को फाइनल में शानदार शुरुआत और 1-0 की बढ़त दिलाई। लगभग 9,200 प्रशंसकों की मौजूदगी में इटली की टीम 2012 और 2013 में चेक गणराज्य के बाद लगातार दो बार डेविस कप जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### दिग्गज हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार को पड़ा दिल का दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार को सीने में तकलीफ के कारण यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उनके परिवार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अशोक कुमार (74 वर्ष) की सोमवार को एंजियोप्लास्टी होगी। परिवार के सूत्रों ने बताया, ''उन्हें (अशोक कुमार को) कल (रविवार) शाम सीने में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद उन्हें एस्कॉर्ट्स अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई। एंजियोग्राफी के नतीजों से पता चला कि कुछ ब्लॉकेज हैं। डॉक्टर आज स्टेंट लगाएंगे।''

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सात रन पर आउट हुई आइवरी कोस्ट की टीम

**लागोस (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप उप-क्षेत्रीय अफ्रीका क्वालीफायर के ग्रुप-सी मैच में आइवरी कोस्ट की टीम महज सात रन पर आउट हो गई, जो इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मैच का न्यूनतम स्कोर है। नाइजीरिया ने रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 271 रन बनाए, जिसके जवाब में आइवरी कोस्ट की टीम 7.3 ओवर में महज सात रन पर आउट हो गई। इससे पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड मंगोलिया और आइल ऑफ मैन के नाम था। दोनों टीमों ने एक समान 10 रन बनाए थे।

### हॉट और ग्लैमरस क्रिकेटर हॉली फर्लिंग

**नई दिल्ली।** दुनिया की खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में ऑस्ट्रेलिया की हॉली फर्लिंग का नाम भी शामिल है। तेज गेंदबाज फर्लिंग ने क्वींसलैंड में 14 साल की उम्र में क्रिकेट में डेब्यू किया था, जहां उन्होंने लगातार तीन गेंदों में विकेट लेकर हैट्रिक ली। फर्लिंग को ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट की हॉट और ग्लैमरस क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है। अपनी शानदार गेंदबाजी और सुंदरता के कारण उन्होंने छोटी उम्र में ही अपने लाखो प्रशंसक बना लिए। हॉली ने 2013 मे ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेट टीम की ओर से खेलना शुरू किया था।



### विश्व चैंपियनशिप : डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा, जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रैंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था, लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरिक्त  मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्क त से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 42 चालों में जीत दर्ज की।



## पर्थ टेस्ट

### भारत ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से रौंदा, पांच मैचों की सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

# वाका में टीम इंडिया का डंका

**एजेंसी, पर्थ**

कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 295 रन से हराकर इस देश में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के साथ पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

भारत के 534 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में पांच विकेट चटकाने वाले कार्यवाहक कप्तान बुमराह (42 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (51 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 58.4 ओवर में 238 रन पर ढेर हो गया।

बुमराह और सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष और मध्यक्रम को ध्वस्त किया, जिसके बाद वाशिंगटन सुंदर (48 रन पर दो विकेट), नीतीश कुमार रेड्डी (21 रन पर दो विकेट) और हर्षित राणा (69 रन पर एक विकेट) ने निचलेक्रम को समेटा। राणा और रेड्डी इस मैच में पदार्पण कर रहे थे।

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी**

ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार फॉर्म में चल रहे ट्रेविस हेड ने सर्वाधिक 89 रन बनाए। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (17) के साथ 5वें विकेट के लिए 62 और मिशेल मार्श (47) के साथ छठे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को हार से नहीं बचा पाए।


मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन हराने के बाद खुशी व्यक्त करते टीम इंडिया के खिलाड़ी।

**295** रनों के लिहाज से यह ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत की सबसे बड़ी जीत

**08** विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह

**222** रन से भारत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 1977 में मेलबोर्न में हराया था।

### स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | | | 150/10 |
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | | | 104/10 |
| भारत (दूसरी पारी) | | | 487/06 |
| ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
| मैकस्वीनी पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 04 | 0/0 |
| ख्वाजा क. पंत ब. सिराज | 04 | 13 | 0/0 |
| कमिंस क. कोहली ब. सिराज | 02 | 08 | 0/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. बुमराह | 03 | 05 | 0/0 |
| स्मिथ क. पंत ब. सिराज | 17 | 60 | 0/0 |
| हेड क. पंत ब. बुमराह | 89 | 101 | 8/0 |
| मार्श ब. नीतिश | 47 | 67 | 3/2 |
| केरी ब. हर्षित | 36 | 58 | 2/0 |
| स्टॉर्क क. जुरेल ब. वॉशिंगटन | 12 | 35 | 0/0 |
| लियोन ब. वॉशिंगटन | 00 | 02 | 0/0 |
| हेजलवुड (नाबाद) | 04 | 10 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 24 | | |
| कुल : (58.42 ओवर) | 238/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-0, 2-9, 3-12, 4-17, 5-79, 6-161, 7-182, 8-227, 9-227, 10-238.

**गेंदबाजी :** बुमराह 12-1-42-3, सिराज 14-2-51-3, हर्षित 13.4-1-69-1, वॉशिंगटन 15-0-48-2, नीतिश 4-0-21-1.

### कोहली को हमारी नहीं, हमें उसकी जरूरत : बुमराह



**भारतीय** कप्तान जसप्रीत बुमराह ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस स्टार बल्लेबाज को टीम के जितने समर्थन की जरूरत है, टीम को उनके समर्थन की उससे अधिक जरूरत है। कोहली के 30वें टेस्ट शतक ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की ऐतिहासिक 295 रन की जीत में बड़ी भूमिका निभाई जबकि पहली पारी में टीम सिर्फ 150 रन पर ढेर हो गई थी।

बुमराह ने कहा, ''बेशक, मैं पहले ही कह चुका हूं कि विराट कोहली को हमारी जरूरत नहीं, हमें उसकी जरूरत है। वह अनुभवी खिलाड़ी है। यह उसका चौथा या 5वां दौरा (ऑस्ट्रेलिया का) है। इसलिए वह अपने क्रिकेट को किसी से भी अधिक जानता है।''

उन्होंने कहा, ''वह अच्छी लय में था। वह मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार था। कभी-कभी अपने करियर में आप मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हैं। वह हमेशा मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करता रहा है। इसलिए हर मैच में ऐसा करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन वह बहुत अच्छी फॉर्म में और बहुत अच्छी लय में बल्लेबाजी कर रहा था।''

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक | जीत % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | भारत | 15 | 09 | 05 | 01 | 110 | 61.11 |
| 02. | ऑस्ट्रेलिया | 13 | 08 | 04 | 01 | 90 | 57.69 |
| 03. | श्रीलंका | 09 | 05 | 04 | 00 | 60 | 55.56 |
| 04. | न्यूजीलैंड | 11 | 06 | 05 | 00 | 72 | 54.55 |
| 05. | द.अफ्रीका | 08 | 04 | 03 | 01 | 54 | 54.17 |
| 06. | इंग्लैंड | 19 | 09 | 09 | 01 | 93 | 40.79 |
| 07. | पाकिस्तान | 10 | 04 | 06 | 00 | 40 | 33.33 |
| 08. | बांग्लादेश | 10 | 03 | 07 | 00 | 33 | 27.50 |
| 09. | वेस्टइंडीज | 09 | 01 | 06 | 02 | 20 | 18.52 |

### पैट कमिंस ने टीम में बिखराव का खंडन किया



**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस ने अपने बल्लेबाजों का बचाव करने के साथ ड्रेसिंग रूम में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि उनकी टीम पूरी तरह से एकजुट है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कमिंस से पूछा गया कि क्या टीम में कोई विभाजन है क्योंकि बल्लेबाजों ने पर्थ में टीम को निराश किया था।

इस तरह की बातों को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बयान के बाद हवा मिली। मैच के तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने जब जीत के लिए 534 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिया था तब हेजलवुड ने अगले दिन की योजना के बारे में पूछे जाने पर कहा था, ''आपको यह सवाल बल्लेबाजों से पूछना चाहिये। मैं अब आराम करने की कोशिश करूंगा और अब मेरा पूरा ध्यान अगले टेस्ट मैच पर होगा।''

कमिंस ने हालांकि टीम में किसी बिखराव को नकारते हुए कहा, '' मुझे नहीं पता कि

## कप्तान रोहित शर्मा ने पर्थ पहुंचने के बाद किया 'नेट अभ्यास'

**एजेंसी, पर्थ**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ पहुंचने के बाद तुरंत नेट पर अभ्यास करने पहुंचे। अपने बेटे के जन्म के कारण रोहित पितृत्व अवकाश के बाद रविवार शाम को पर्थ पहुंचे। उन्हें सोमवार को लंच सत्र के दौरान नेट में बल्लेबाजी करते देखा गया जहां उन्होंने रिजर्व तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार का सामना किया।

भारतीय टीम 30 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए बुधवार को कैनबरा जाएगी। इस अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है।

हालांकि यह मैच महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह गुलाबी गेंद से होने वाला दिन-रात्रि का मुकाबला है जो छह दिसंबर से एडीलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए अहम होगा।

**दूसरा टेस्ट दिन-रात्रि का होगा**

रोहित के कैनबरा में इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि एडीलेड में गुलाबी कूकाबूरा गेंद बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश करती है, विशेषकर गोधूलि के समय जब गेंद सामान्य से अधिक घूमती है।



### खेल मंत्री से मिले विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ 'अनौपचारिक' बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं। चार ओलंपिक पदक जीतने वाले 68 वर्षीय मध्यम दूरी के पूर्व धावक को की सोमवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रमुख आदिले सुमरिवाला ने अगवानी की। ब्रिटेन के महान खिलाड़ी को वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का अगला अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं और माना जाता है कि यह दौरा उनके लिए समर्थन जुटाने के अभियान का हिस्सा है।

मांडविया ने को से मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा ,'' विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष और आईओसी सदस्य लॉर्ड सेबेस्टियन को से मुलाकात की। ओलंपिक और पैरालिंपिक 2036 की मेजबानी के हमारे इरादे पर बात की। इसके साथ ही भारत के खिलाड़ियों के जमीनी स्तर पर विकास पर भी बात की जिससे वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सके।''

## लुकाकु के गोल से नेपोली ने रोमा को हराकर सिरी-ए में बढ़त बनाई



**एजेंसी, रोम**

रोमेलु लुकाकु के गोल की मदद से नेपोली ने रोमा को 1-0 से हराकर सिरी-ए फुटबॉल टूर्नामेंट में एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली। लुकाकु ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ मैच का एकमात्र गोल 54वें मिनट में कप्तान जियोवानी डि लोरेंजो के क्रॉस पर दागा।

रोमा के पास बराबरी हासिल करने का मौका था, लेकिन आर्टेम डोवबिक का हैडर क्रॉस बार से टकरा गया।

नेपोली के 13 मैच में 29 अंक हैं और उसने अटलांटा, इंटर मिलान, फायोरेंटिना और लाजियो पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। फायोरेंटिना ने कोमो को 2-0 से हराकर लगातार 7वीं जीत दर्ज की जबकि लाजियो ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बोलोग्ना को 3-0 से हराया।

## क्रिकेट

### नीलामी के दूसरे दिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को गुजरात ने 3.20 करोड़ में खरीदा

# आईपीएल मेगा नीलामी में अच्छे दाम पर बिके भुवनेश्वर

**एजेंसी, जेद्दा**

दो साल से अधिक समय से भारतीय टीम से बाहर भुवनेश्वर कुमार का अनुभव आईपीएल टीमों को लुभाने के लिए काफी था, जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नीलामी के दूसरे दिन 10 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा।

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियम्सन और ग्लेन फिलिप्स, मुंबई के शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ और अजिंक्या रहाणे को खरीदार नहीं मिला। आईपीएल के अगले सत्र से पहले 35 वर्ष के होने वाले भुवनेश्वर ने 287 टी-20 मैचों में 300 विकेट लिए हैं। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था, लेकिन नीलामी के समीकरण ऐसे हैं कि हर टीम को कम से कम तीन भारतीय तेज गेंदबाज चाहिए और पूल इतना बड़ा भी नहीं है। इसी वजह से भुवनेश्वर, चोटों से प्रभावित रहने वाले दीपक चाहर (मुंबई इंडियंस 9 करोड़ 25 लाख रुपए), टेस्ट रिजर्व मुकेश कुमार ( दिल्ली कैपिटल्स द्वारा आरटीएम में आठ करोड़ रुपए) को अच्छे दाम मिले। आकाश दीप को लखनऊ सुपर जायंट्स ने आठ करोड़ रुपए  में खरीदा। चाहर और भुवनेश्वर दोनों पॉवरप्ले में गेंद को स्विंग करा लेते हैं। वहीं मुकेश डैथ ओवरों में अच्छे यॉर्कर डालने के लिए मशहूर हैं।



**10.75** करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीदा

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को गुजरात टाइटंस ने सोमवार को आईपीएल मेगा नीलामी के दूसरे दिन 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा। तुषार देशपांडे को राजस्थान रॉयल्स ने 6.25 करोड़ रुपए में खरीदा।

फॉफ डु प्लेसिस और वेस्टइंडीज के रोवमैन पावेल को क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ रुपए और 1.50 करोड़ रुपए में खरीदा। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन को पंजाब किंग्स ने सात करोड़ रुपए में खरीदा।

पिछली बार 18 करोड़ रुपए में बिके इंग्लैंड के सैम कुरेन को चेन्नई सुपर किंग्स ने दो करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा। हार्दिक पांड्या के भाई क्रुणाल पांड्या को आरसीबी ने पांच करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा। नीतिश राणा को राजस्थान रॉयल्स ने चार करोड़ 20 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

बिना बिके खिलाड़ियों को दिन के अंत में त्वरित नीलामी के दौरान खरीदार मिल सकते हैं यदि उनके नाम फ्रेंचाइजी द्वारा दिए जाते हैं।

### किशन को खरीदना हमारे लिए बड़ा करार : विटोरी



**जेद्दा।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी आईपीएल की बड़ी नीलामी के पहले दिन ईशान किशन को अपने साथ जोड़कर सबसे ज्यादा उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि टी नटराजन का दिल्ली कैपिटल्स के पास जाना उनके लिए नुकसान था। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को रविवार को सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए यह साल उतार-चढ़ाव भरा रहा।

उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलने के बोर्ड के आदेश की अवहेलना करने के कारण भारतीय टीम में अपनी जगह के साथ-साथ बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध भी खो दिया। हालांकि उनकी रणजी ट्रॉफी में वापसी हुई है।